हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–200 : जौनपुर, शनिवार 13 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सपा सरकार में आजमगढ़ कट्टरवादी सोच और आतंकवाद का पनाहगार था : अमित शाह

आजमगढ़ ब्यूरो : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज आजमगढ़ में विश्वविद्यालय का शिलान्यास हो रहा है। जिस आजमगढ़ को सपा शासन में दुनिया भर में कट्टरवादी सोच और आतंकवाद की पनाहगार के रूप में जाना जाता था। आज उसी आजमगढ़ की भूमि पर आज मां सरस्वती का धाम बनाने का काम होने जा रहा है। गृहमंत्री ने कहा कि भाजपा ने 2017 में अपने घोषणा पत्र में कहा था कि 10 नए विश्वविद्यालय बनाएंगे। आज 10 विश्वविद्यालय बनाने का काम पूरा हो चुका है। 40 मेडिकल कॉलेज बनाने का हमने वादा किया था, ये वादा भी हमने पूरा किया है। 'पहले जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण का राज था'। उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई परिवर्तन किए हैं। पहले यहां जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण का राज चलता था, सबको न्याय नहीं मिलता था। सीएम योगी ने जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण पर पूर्ण विराम लगाने का काम किया है। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश, देश की छठी अर्थव्यवस्था थी, आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था उत्तर प्रदेश की है। प्रदेश की जीडीपी 10,90,000 करोड़ थी, आज 21,31,000 करोड़ करने का काम हुआ है। अमित शाह




ने कहा कि उत्तर प्रदेश को माफिया राज से मुक्ति दिलाने का काम योगी सरकार ने किया है। आजमगढ़ इसका उदाहरण है। कैराना से लोग पलायन कर रहे थे। बेटियों की उच्च शिक्षा नहीं हो पाती है। आज माफिया उत्तर प्रदेश छोड़कर चले गए हैं। अब यहां कानून का राज है। भाजपा और सपा में JAM का मतलब समझाया। गृह मंत्री ने JAM अर्थ बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार में JAM का अर्थ है, J– जन धन बैंक खाते, A– आधार कार्ड, M– हर आदमी को मोबाइल। जबकि समाजवादी पार्टी के लिए JAM का अर्थ है, J – जिन्ना, A – आजम खान, M – मुख्तार अंसारी।

## सरोज सिंह अध्यक्ष और संतोष उपाध्याय हुए मंत्री

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई बक्सा का चुनाव जिला अध्यक्ष अमित सिंह की उपस्थिति में चुनाव पर्यवेक्षक अश्वनी कुमार सिंह व चुनाव अधिकारी उमेश यादव, संतोष सिंह बघेल, विशाल सिंह की देख–रेख में ब्लाक इकाई बक्सा का चुनाव प्राथमिक विद्यालय गैरी कला बक्शा में सम्पन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से सरोज सिंह को फिर से अध्यक्ष चुना गया। जबकि संतोष उपाध्याय को मंत्री पद के लिए चुना गया। इसके साथ ही संयुक्त मंत्री पद पर सुनील कुमार प्रजापति , वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राकेश सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर श्रेयम कुमार, व मीडिया प्रभारी पद पर विनीत पाठक को सर्वसम्मति से चुना गया। पुनः ब्लाक अध्यक्ष चुने जाने पर सरोज सिंह ने कहा कि यह ब्लाक के सम्मानित शिक्षकों का विश्वास व स्नेह है जिसके परिणाम स्वरूप एक बार फिर से ब्लाक अध्यक्ष का दायित्व मिला है। मैं पूरी कार्यसमिति की तरफ से सभी शिक्षकों को आश्वस्त करता हूं आपके मान सम्मान की रक्षा के लिए हम सदैव तत्पर रहेंगे। जिलाध्यक्ष अमित सिंह नवनिर्वाचित कार्यसमिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनपदीय इकाई को पूर्ण विश्वास है कि बक्सा कार्यसमिति पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेगी। इससे पहले संगठन मंत्री व चुनाव पर्यवेक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने नवनिर्वाचित कार्यसमिति को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ अखिलेश सिंह(एसआरजी) संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह "टोनी" अतुल प्रताप सिंह, ब्लाक अध्यक्ष सिकरारा मृत्युंजय सिंह, ब्लाक अध्यक्ष मड़ियाहूं विशाल सिंह, करंजाकला वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीतीश सिंह, शैलेंद्र सिंह, रत्नेश सिंह प्रवीण, धर्मेंद्र यादव, मनोज ,विनय, हौसिला,अशोक ,राजेश, मनोज, वीरेंद्र यादव, कमलेश यादव, तेजबहादुर, मुनीश मिश्र,विष्णुशंकर सिंह, सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

**www.Deshkiupasana.com**
**www.Deshkiupasana.in**
**www.Deshkiupasana.org**

–संपादक

## एमएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित : काउंसलिंग 21 से

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय के घलिए सत्र 2021–23 में एमएड प्रवेश हेतु 8 अक्टूबर 2021 को कराई गई प्रवेश परीक्षा का परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इस प्रवेश के लिए रैंक 1 से 443 तक के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 20.11 .2021 शनिवार को और 444 से अंत तक के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 21.11. 2022 को होगी। यह काउंसलिंग फार्मेसी भवन में प्रातः 10:00 बजे से शुरू होगी। काउंसलिंग हेतु काउंसलिंग पत्र 13 नवंबर को विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। अभ्यर्थियों को काउंसलिंग पत्र में दिए गए निर्देशों का पालन करना जरूरी है।

## सपा सरकार में मंत्री रहे गायत्री प्रजापति समेत तीन को आजीवन कारावास : दो लाख का जुर्माना भी लगाया

लखनऊ ब्यूरो : सपा सरकार में खनन मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति की अब बाकी की जिंदगी जेल में कटेगी। चित्रकूट की महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उसकी नाबालिग बेटी से अश्लील हरकत के दोषी गायत्री और उसके दो सहयोगियों आशीष शुक्ला व अशोक तिवारी को शुक्रवार को आजीवन कारवास की सजा सुनाई गई है। एमपी–एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पवन कुमार राय ने सजा सुनाने के साथ तीनों दोषियों पर 2–2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की पूरी रकम नाबालिग पीड़िता के पुनर्वास के लिए दिया जाएगा। गायत्री व उसके दोनों सहयोगियों को 10 नवंबर को दोषी ठहराया गया था। सजा सुनाने के लिए तीनों को शुक्रवार को भारी सुरक्षा के बीच कोर्ट ले जाया गया। दोषियों ने कोर्ट से कम से कम सजा देने की गुजारिश की। वहीं, सरकारी वकील एसएन राय और रमेश शुक्ल ने आजीवन कारावास की मांग की। कोर्ट ने 72 पन्नों में फैसला सुनाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही स्पष्ट किया कि आजीवन कारावास का तात्पर्य है कि तीनों दोषियों को अपना बाकी का जीवन जेल में ही गुजारना होगा। एमपी–एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पवन कुमार राय का कहना है कि तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप व लैंगिक अपराधों से पाक्सो एक्ट में लगाए गए अपराध पूर्ण रूप से सिद्ध होते हैं। दोषियों द्वारा किया गया अपराध गंभीर प्रकृति का है, जिसका समाज पर व्यापक असर पड़ता है। खनन के पट्टे दिलाने के नाम पर शोषण। पीड़िता ने 18 फरवरी 2017 को लखनऊ के गौतम पल्ली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके अनुसार खनन का कार्य दिलाने के लिए दोषियों ने महिला को लखनऊ बुलाया। कई जगहों पर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में उसकी नाबालिग बेटी से भी अश्लील



हरकतें की गईं। कोर्ट ने नाबालिग पीड़िता की मां के आचरण पर उठाए सवाल। विशेष न्यायाधीश ने अपने फैसले में कहा कि वैसे तो सामूहिक दुष्कर्म के अपराध में दोषी पर लगाए जाने वाले अर्थदंड की धनराशि को चिकित्सीय खर्चे और पुनर्वास के लिए पीड़िता को भुगतान किए जाने का प्रावधान है, लेकिन इस मामले में पीड़िता (मां)/ वादिनी का आचरण सुनवाई के दौरान ऐसा नहीं रहा है कि उसे किसी प्रकार के जुर्माने या प्रतिकर का भुगतान किया जाए। जहां तक द्वितीय पीड़िता और वादिनी की नाबालिग (बेटी)का प्रश्न है, उसने भी अभियोजन को सहयोग नहीं किया और वह भी पक्षद्रोही हुई है, लेकिन माना जा सकता है कि उसने उपरोक्त कृत्य अपनी मां के दबाव में किया है। इसका उल्लेख निर्णय में भी किया गया है। इस मामले में नाबालिग वास्तव में पीड़ित है, जिसको पुनर्वास की आवश्यकता है। लिहाजा अर्थदंड की सारी धनराशि 6 लाख रुपये का भुगतान उसे ही किया जाएगा। कोर्ट ने अपने आदेश के अनुपालन के लिए निर्णय की एक प्रति जिला मजिस्ट्रेट लखनऊ को भेज दी है।

## समाजवादी पार्टी का जिला सचिव घोषित : सपाईयों में खुशी की लहर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष के स्वीकृति पर जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने पूर्व प्रधान वरिष्ठ सपा नेता लालचंद यादव,सै आरिफ मोहम्मद पूर्व छात्र नेता प्रदीप यादव, प्रदीप शर्मा को समाजवादी पार्टी का जिला सचिव बनाया है उनके मनोयन की खबर जैसे ही जनपद



वासियों को लगी खुशी की लहर दौड़ आई जगह–जगह लोग एक दूसरे के मीठा खिला कर बधाई देते नजर आए जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने कहा चारों साथियों को जिस तरह से समाजवादी पार्टी की जिला संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिया गया है वह उसे बहुत जिम्मेदारी से निभाने का काम करेंगे और 2022 में समाजवादी सरकार बनाकर इस प्रदेश में खुशहाली लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभागें खुसी जाहिर करने मे मुख्य रूप से महाचिव हिसामुद्दीन शाह उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल,प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, प्रदेश सचिव पूनम मौर्या,ब्लॉग अध्यक्ष महावीर सिंह यादव, प्रदीप यादव बाबा, शिवजीत यादव, प्रदीप बागी,शेखु खाँ साजिद अलीम,इर्शाद मंशूरी अमरबहादूर यादव, दया यादव, अमन यादव जेपी यादव आदि लोगों ने खुसी जाहिर किया।

## वित्तीय अनियमितता में मुरादाबाद के तत्कालीन डीपीआरओ समेत 12 निलंबित

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश शासन ने वित्तीय अनियमितता के आरोप में मुरादाबाद के तत्कालीन और गाजियाबाद के मौजूदा डीपीआरओ राजेश कुमार सिंह को निलंबित कर दिया है। इसी मामले में दो एडीओ, पांच ग्राम पंचायत अधिकारियों और चार ग्राम विकास अधिकारियों को भी निलंबित किया गया है। पंचायतीराज विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार ने शुक्रवार को इन सभी को निलंबित करने के आदेश दिए। साथ ही राजेश के खिलाफ अनुशासनिक जांच के लिए विभाग के संयुक्त निदेशक अशोक कुमार शाही को जांच अधिकारी नामित किया है। पंचायत चुनाव के दौरान ग्राम पंचायतों में नियुक्त प्रशासकों की ओर से मुरादाबाद जिले के कुंदरकी ब्लॉक के 11 और मूढ़ापांडे ब्लॉक के 9 गांवों में यह अनियमितता की थी। प्रशासकों ने पंचायतों के खातों से राशि तो निकल ली, लेकिन कार्य नहीं कराए गए। मामले की शिकायत पर शासन ने जांच समिति बनाई थी। जांच में पता चला कि प्रशासकों ने 4,04,58,255 रुपये सरकारी खजाने से निकाले थे। आरोपियों ने 14,14,569 रुपये का ज्यादा भुगतान भी किया और 83,13,573 रुपये खर्च का कोई रिकॉर्ड नहीं पेश कर सके। इस पर जांच समिति ने मुरादाबाद के तत्कालीन डीपीआरओ रहे राजेश कुमार सिंह को ग्राम पंचायतों में केंद्रीयकृत रूप से सामग्री आपूर्ति नहीं करने और पर्यवेक्षण नहीं करने का दोषी पाया। समिति की रिपोर्ट पर शासन ने राजेश को वित्तीय अनियमितता का प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया है। ये भी हुए निलंबित। इस मामले में कुंदरकी ब्लॉक के एडीओ द्विजेंद्र सिंह व मूढ़ापांडे के एडीओ चंद्रपाल को निलंबित किया गया है। इसके अलावा संबंधित पंचायतों के ग्राम पंचायत अधिकारियों अंकित सिंह, इंतेजार हुसैन, मोहन सिंह रावत, अधर फहीम और नरेश सिंह को निलंबित किया गया है। इसी तरह संबंधित ग्राम विकास अधिकारियों सुरेंद्र सिंह, राम प्रकाश सिंह, नाजिम इकबाल और दयाराम सिंह को निलंबित किया गया है। इन सभी के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए हैं।

## खेल से व्यक्ति का शारीरिक एवं मानसिक विकास : गिरीश चन्द यादव

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के तत्वावधान में जिला स्टेडियम में दो दिवसीय जनपद स्तरीय खुली ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने किया। प्रतियोगिता में जनपद की विभिन्न विकास खंडों से चयनित खिलाड़ियों ने भाग लिया।कार्यक्रम में विधायक सदर(मंत्री) ने खिलाड़ियों के ध्वजारोहण करके सलामी ली। इसके बाद विधायक ने गुब्बारे उड़ाकर और 400 मीटर दौड के खिलाड़ियों का परिचयहरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि खेल से व्यक्ति का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलना चाहिए। जिला युवा कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने विधायक का कैप लगाकर स्वागत किया। लालमणि यादव ने बैच लगाकर मंत्री जी का स्वागत किया कार्यक्रम में, वेद प्रकाश उपाध्याय रामकृपाल यादव आसाराम यादव विजय तिवारी ने माल्यार्पण कर मंत्री जी का स्वागत किया।संदीप कुमार (उप निदेशक युवा कल्याण वाराणसी मंडल), अनुपम शुक्ला (मुख्य विकास अधिकारी) अधिकारीगण मौजूद रहे। 400 मीटर बालक : चंदा यादव सिरकोनी प्रथम, मंगला प्रसाद निषाद द्वितीय, नीरज कुमार सिकरारा



तृतीय, 3000 मीटर दौड़ : विशाल यादव मड़ियाहूं प्रथम, नीरज पाल महाराजगंज द्वितीय, सतीश चंद यादव खुटहन तृतीय, 800 मीटर बालकः अंतरिक्ष यादव मड़ियाहूं प्रथम, राज बहादुर यादव जलालपुर द्वितीय, अभिषेक सुमन रामपुर तृतीय, 400 मीटर बालिका : आंचल यादव मड़ियाहूं प्रथम, प्रतीक्षा यादव सुविथाकला द्वितीय, अंतिमा मौर्य बरसठी तृतीय, 1500 मीटर बालिका : नीतू सरोज केराकत प्रथम, सेजल यादव जलालपुर द्वितीय, कोमल पटेल तृतीय।

## डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के प्रांतीय पदाधिकारियों के निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर लगातार तीसरी बार संदीप बडोला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नौंवी बार उपेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष पद पर पांचवीं बार राजेन्द्र पटेल, महामंत्री पद पर उमेश मिश्रा, संगठन मंत्री पद पर आर एस राना, संयुक्त मंत्री पद पर देवेंद्र कटारा, कोषाध्यक्ष पद पर अजय पांडेय, संप्रेक्षक पद पर जितेंद्र सिंह निर्वाचित हुए । निर्वाचन मुख्य चुनाव अधिकारी मनमोहन मिश्र, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगदीश विशाल और जय प्रकाश पाठक की देखरेख में सम्पन्न हुआ । निर्वाचित पदाधिकारियों को फीपो के राष्ट्रीय अध्यक्ष के के सचान ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई । प्रदेश भर से आये 4009 फार्मेसिस्टों द्वारा रमाबाई अम्बेडकर मैदान के डोरमेट्री में मतदान किया गया । देर रात 2 बजे परिणाम घोषित हुआ। अधिवेशन के पहले दिन बलरामपुर चिकित्सालय के संघ भवन में प्रदेश के फार्मेसिस्टों को संबोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष संदीप बडोला ने कहा कि फार्मेसिस्ट संवर्ग की अनेक जायज मांगे लंबित बनी हुई हैं, शासन द्वारा मांगों के निस्तारण के लिए कोई सकारात्मक कार्यवाही नही की जा रही है, जिससे फार्मेसिस्ट दुःखी और रोष में है । जल्द ही प्रदेश के फार्मेसिस्ट अपनी मांगों को लेकर आंदोलन की रणनीति बनाएंगे । सम्मेलन को पूर्व महामंत्री एवं फीपो के अध्यक्ष के के सचान, फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव सहित




प्रांतीय पदाधिकारियों ने संबोधित किया । दिसंबर में उतर सकते हैं आंदोलन पर फार्मेसिस्ट। 'राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के महामंत्री अतुल मिश्रा ने सभी नवनिर्वचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि पूर्व की भाँति परिषद को सशक्त करने व कर्मचारियोंकी समस्याओंके निदान में अग्रणी भूमिका निभाएँगे व आश्वस्त किया कि वे संघ के सदस्यों की समस्या निस्तारण में पूरा सहयोग प्रदान करेंगे।

## तेरही की सामग्री व नगद देकर किया मदद : अजय विश्वकर्मा

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : सपा के सदर विधानसभा के भावी प्रत्याशी अजय विश्वकर्मा ने सदर विधानसभा क्षेत्र के जंगीपुर खुर्द गांव में लम्बी बीमारी से पीड़ित रहे लालचंद विश्वकर्मा 63 वर्ष पुत्र रामनाथ विश्वकर्मा का आवास पर ही स्वर्गवास हो गया, लालचंद के



4 पुत्र थे। इंद्रेश 31 वर्ष, सुरेश 28 वर्ष, सचिन 20 वर्ष,राम आशीष 18 वर्ष है। मृतक के दो लड़के स्नातक की पढ़ाई कर रहे हैं और सुरेश व इंद्रेश कोरोना महामारी से प्रदेश में काम छूट जाने पर सभी घर पर बेरोजगारी से पीड़ित है।आस पास फर्नीचर का काम मिलने पर पर लेते हैं। परन्तु इससे गुजारा नही हो रहा है,और 19 नवम्बर को तेरही सुनिश्चित हुआ।लेकिन मृतक पिता की तेरही करने के लिए पैसा नहीं रहा, इसकी सूचना जब युवा नेता दीपक आर विश्वकर्मा के माध्यम से युवा प्रत्याशी अजय विश्वकर्मा को हुई तो तत्काल तेरही में लगने वाले सामग्री सहित मृतक के परिजनों को उपलब्ध कराया, जिसमें दाल, रिफाइन तेल, चावल, आलू, प्याज, गेहूँ, मसाला आदि राशन सामग्री और गोपनीय दान पैसे का सहयोग किया। इस दौरान समाज वादी पार्टी के नेता व सहयोगी दीपक आर विश्वकर्मा,सिद्दार्थ शंकर यादव ब्लॉक सचिव करंजाकला, प्रेम चन्द यादव (लल्लन)पूर्व ग्राम प्रधान जंगीपुर खुर्द, संदीप विश्वकर्मा,ऋषिकेश यादव, नितिन उर्फ बच्चा,मंगेश यादव, सुजीत सिंह, देवेंद्र प्रजापति, स्यामबहादुर गुप्ता, सुधांशू सिंह, धनंजय, अनिल सोनकर, वीर बहादुर विश्वकर्मा,राहुल, सहित सपा के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

*चिंता स्वयं में एक व्यवधान है, इसके द्वारा समाधान कैसे हो सकता है–*

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# राजनीतिक सफलता के लिए मनोरंजन का भ्रम

राजनीति समाज सेवा के लिए है या सिद्धांतों के लिए अथवा सत्ता के लिए? अब यह प्रश्न भी उठने लगा है कि राजनीतिक सफलता के लिए क्या नेताओं को भीड़ जुटाने, उन्हें आकर्षित करने के लिए मनोरंजन की दुनिया यानी फिल्मध्टीवी के जाने–माने वाले लोगों का साथ–सहयोग जरूरी है? ताजा मुद्दा यह है कि क्रिकेटर से टीवी के मनोरंजन चौनल में कॉमेडियन के रूप में शेरो–शायरी–चुटकुले वाले संवाद सुनाते हुए राजनीति में कूदे नवजोत सिंह सिद्धू को मनाने के लिए प्रियंका, राहुल गांधी और उनके सलाहकारों ने मुलाकात में कई घंटे और दिन बिताए। सिद्धू पहले भाजपा के कुछ नेताओं को लुभाकर राजनीतिक सत्ता का सुख ले चुके हैं और कांग्रेस ही नहीं, आप से भी पर्दे के पीछे सौदेबाजी करते रहे हैं।

राजनीति में सक्रिय अथवा दशकों से उसे देखने वाले वे दिन याद करते हैं, जब नेताओं के लिए हजारों–लाखों की संख्या में सभाओं में भीड़ उमड़ती थी। कार्यकर्ता ही नहीं, नेता स्वयं मैदानों में दरियां बिछाते, माइक–स्पिकर लगाया करते थे। नेताओं और उनके विचारों से प्रभावित होकर फिल्म जगत के नामी लोग भी उनसे जुड़कर न केवल जुलूस में शामिल होते थे, बल्कि संसद में पहुंचने पर समाज सेवा में लग जाते थे या सामाजिक–सांस्कृतिक मुद्दों पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। इनमें सुनील दत्त का नाम आदर से लिया जा सकता है, जो लगभग पंद्रह साल सांसद रहे तथा नशाबंदी के खिलाफ उन्होंने लंबी पदयात्रा की।

दक्षिण भारत में कई फिल्मी हस्तियां सत्ता की राजनीति में आईं और उन्होंने अपने कार्यों से मतदाताओं का विश्वास अर्जित किया। एम जी रामचंद्रन, अन्नादुरई, करुणानिधि, जयललिता या एन टी रामा राव से आज भी तमिलनाडु, आंध्र, तेलंगाना की राजनीति प्रभावित है। इसलिए अन्य क्षेत्रों की तरह फिल्म या खेल जगत से राजनीति में आने पर किसी को आपत्ति नहीं हो सकती। पर बाहुबलियों की तरह फिल्मी चेहरों को केवल भीड़ जुटाने की क्षमता के आधार पर वर्षों तक पार्टी और विचारधारा से जुड़े समर्पित नेताओं–कार्यकर्ताओं को तरजीह, पद, प्रतिष्ठा दिए जाने पर कष्ट होता है। लोकसभा या विधानसभा में उम्मीदवार बनने पर फिल्मी कलाकार की जीत का बड़ा आधार खास पार्टी का नाम और चुनावी चिह्न होता है। एक समय सर्वाधिक लोकप्रिय कहे जाने वाले सुपर स्टार को तो 1991 में कांग्रेस का हाथ मिला हुआ था, फिर भी वह भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी से चुनाव हार गए थे। बाद में शत्रुघ्न सिन्हा को पराजित कर वह लोकसभा में आ अवश्य गए, पर न तो सदन में कोई महत्वपूर्ण योगदान दे सके, न ही उनके कारण अगले चुनाव में पार्टी को कोई लाभ मिला।

राज्यसभा में नामजद होने पर फिल्म या खेल से जुड़ी हस्तियों के अधिकाधिक अनुपस्थित रहने और सदन की कार्यवाही में हिस्सा न लेने पर भी विवाद उठते रहे हैं। मनमोहन सिंह सरकार में लोकप्रिय अभिनेत्री रेखा और क्रिकेट के जादूगर भारत रत्न सचिन तेंदुलकर की अपने छह वर्ष के कार्यकाल में शायद दस बार भी दर्शन न दिए जाने पर तीखी आलोचना हुई। इसमें भी उनसे अधिाक कांग्रेस के नेताओं और उनके सलाहकारों को दोषी माना गया कि उन्होंने यह चयन क्यों किया? फिर पद स्वीकारने वाले को भी तय करना चाहिए था कि वे संसद और सेवा के लिए समय दे सकेंगे या नहीं।

दूसरी तरफ शत्रुघ्न सिन्हा जैसे नामी कलाकार भी तीन दशक से सार्वजनिक जीवन में हैं। वह सांसद ही नहीं, भाजपा सरकार में मंत्री भी रहे, पर उनका पांच काम भी नहीं गिनाया जा सकता। वह केवल अपने नाम, संवाद और नेताओं की पसंदगी के कारण सत्ता का सुख लेते रहे, बिहार के मुख्यमंत्री बनने का सपना देखते रहे, पर दिल्ली–मुंबई में रहते हुए बिहार के हवाई दौरों से क्या कोई मुख्यमंत्री बन सकता है? पराकाष्ठा तो 2019 के लोकसभा चुनाव में हुई, जब उन्होंने कांग्रेस का दामन थामकर उसी पटना से चुनाव लड़ा, तो भाजपा के रविशंकर प्रसाद ने उन्हें बुरी तरह पराजित कर दिया। अति उत्साह में उन्होंने अपनी पत्नी पूनम सिन्हा को लखनऊ से चुनाव लड़वाकर हरवा दिया।

हाल के तमिलनाडु विधानसभा के चुनाव में कमल हासन जैसे बेहतरीन अभिनेता ने उम्मीद के साथ चुनावी दांव खेला, पर वह बुरी तरह पराजित हो गए। फिल्म या खेल से जुड़े अनेक लोगों की राजनीतिक भूमिका पर बहुत कुछ बोला–लिखा भी गया है। पर आश्चर्य की बात है कि कांग्रेस और भाजपा ऐसे लोगों को भी महत्व दे रही हैं, जो सामाजिक–राजनीतिक सेवा में कोई भागीदारी नहीं करते, केवल भीड़ जुटा सकते हैं। हां, पूरी तरह पार्टी और क्षेत्र में सक्रिय रहने वाली स्मृति ईरानी, हेमा मालिनी या सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय शबाना आजमी, जया बच्चन को अपवाद कहा जा सकता है। स्मृति ईरानी ने तो अमेठी से एक चुनाव हारने के बाद लगातार इलाके में काम किया और 2019 के चुनाव में कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी को परिवार के राजनीतिक गढ़ में पराजित कर दिया। इस तरह के अनुभव के बावजूद राहुल गांधी कैप्टन अमरिंदर सिंह जैसे दिग्गज नेता पर नवजोत सिंह सिद्धू को तरजीह दे रहे हैं। जबकि इंदिरा और राजीव गांधी पार्टी के नाराज बुजुर्ग नेताओं के आवास पर स्वयं सलाह–सहायता मांगने पहुंच जाते थे।

राजीव गांधी ने मित्र होने और लोकप्रियता के आधार पर अमिताभ बच्चन को प्रयागराज से लोकसभा चुनाव लड़ाया था। बाद में बोफोर्स कांड में नाम आने पर अमिताभ ने राजनीति ही त्याग दी। जया बच्चन सपा से राज्यसभा में हैं और बेहद सक्रियता से सदन की कार्यवाही में हिस्सा भी लेती हैं। इस दृष्टि से भारतीय लोकतंत्र को सशक्त करने के लिए चुनाव सुधार पर विचार–विमर्श के साथ राजनीतिक दलों को अपनी न्यूनतम आचार संहिता तय करनी चाहिए। स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं ने राजनीति को समाज सेवा और विकास के लिए संसद और विधिानसभा आदि में सदस्यता का प्रावधान किया था। उन्होंने इसे प्रोफेशन या बिजनेस नहीं सोचा और न ही माना। अब तो कई नेता इसे बिजनेस और शो की तरह ले रहे हैं। यह महापुरुषों के आदेशों का अनुगमन है या अपमान?

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल मंगली पुरवा हरदोई में लगाया गया टीकाकरण शिविर

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मंगली पुरवा स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में कोरोना वैक्सीन टीकाकरण के आयोजित कैंप का उद्घाटन नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर व महिला विंग भाजपा की जिला अध्यक्ष अलका गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कोरोना वैक्सीन टीकाकरण का शुभारंभ करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्री मधुर मिश्र ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ही देन है।आज देश व प्रदेश कोरोना जैसी महामारी को हराने के प्रयासों में विश्व में सबसे आगे हैं । उन्होंने ऐसे लोगों से टीका लगवाने की अपील की है जिन्होंने अभी तक किसी कारणवश टीकाकरण नहीं करवाया है। उन्होंने समय–समय पर विद्यालय में होने वाली सामाजिक, सांस्कृतिक व शैक्षिक गतिविधियों के लिए विद्यालय की सराहना की। भाजपा महिला विंग अध्यक्ष अलका गुप्ता ने कहा कि स्वयं तथा अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिए कॉविड वैक्सीन का टीका अवश्य लगवाएं तथा आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें विद्यालय प्रबंधक अखिलेश सिंह ने स्वास्थ्य विभाग सहित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया स्वास्थ्य विभाग टीकाकरण की टीम में बीएसडब्ल्यू चंदा व नीलम



आशा बहु रानी व सीमा सहायिका गीता देवी सुमन लता प्रमुख रूप से नहीं प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी व भूमिका सिंह ,बीना गुप्ता ,रचना प्रजापति, कविता गुप्ता ,अर्पिता सिंह मनसा बाजपेई ,सोनी तिवारी ,नैंसी, नीलम ,सोनम ने टीकाकरण में सहयोग किया। इस मौके पर सत्येंद्र कुमार, कमलेश गुप्ता ,मुकुल सिंह आशा, उमाकांत गुप्ता, रजनीश सिंह ,नवल किशोर, अमित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# थाना खुटार पुलिस ने अबैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड करते हुये 02 अभियुक्तो किया गिरफ्तार

शाहजहाँपुर ब्यूरो उमाकान्त श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के निर्देशानुसार जनपद मे अवैध शस्त्रो की खरीद फरोख्त की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना खुटार पुलिस को मुखबिर की सहायता से दो लोगों को शस्त्र बनाते समय गिरफ्तार करने में बडी कामयाबी मिली है। शुक्रवार को थाना प्रभारी मनोज कुमार त्यागी के नेतृत्व मे थाना खुटार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जनपद लखीमपुर खीरी के थाना हैदराबाद के गाँव भदैया ग्रंट लन्दनपुर निवासी राम औतार उर्फ कालिया को साथी थाना एवँ कस्बा खुटार के मोहल्ला नरायन पुर निवासी शिवप्रसाद त्रिवेदी उर्फ पटवारी को समय लगभग पौने बारह बजे बनकटा मोड से लगभग 200 मीटर सडक के किनारे आम के बाग से अवैध शस्त्र बनाते समय मय बने हुए 07 अवैध तमंचे व अधबने तमंचा तथा बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगणो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। 'अपराध का तरीका व कार्यक्षेत्र' अभियुक्त रामौतार उर्फ कालिया हिस्ट्रीशीटर अपराधी No 60A है । तथा लगभग 40 वर्ष पहले खुटार मे मकान खरीद कर रहने लगा जहाँ पर उसने अवैध शस्त्र बनाने का काम सीखकर गन हाउस पर दिखावे के लिये नौकरी करने लगा । और इसी की आड मे घर पर अवैध असलाह फैक्ट्री चलाने के साथ जनपद



लखीमपुर खीरी , पीलीभीत व बरेली मे ग्राहको को दो हजार से पाँच हजार रुपये मे तमंचा बेचने लगा। जनपद शाहजहाँपुर मे तमंचा इसलिये नही बेचता था कि पकडा ना जा सके। घर पर पुलिस को गुमराह करने के लिये बढईगीरी का काम भी करने लगा। अभियुक्त रामौतार उर्फ कालिया को इससे पहले 08 अप्रैल को स्थानीय पुलिस ने उसके घर से अवैध शस्त्र निर्माण करते समय अवैध शस्त्र फैक्ट्री सहित गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया था । जेल से छूटने के बाद उसने अवैध शस्त्र बनाने का कार्य नही छोडा और जंगल मे रात्रि के समय अवैध शस्त्रो का निर्माण करने लगा तथा साथी शिवप्रसाद त्रिवेदी उर्फ पटवारी के साथ मिलकर क्षेत्र मे अवैध शस्त्रो की बिक्री करने लगा। इनके द्वारा क्षेत्र मे बेचे गये अवैध शस्त्रो के बारे मे जानकारी कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## व्यापारी अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है–राधेरमण जायसवाल

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : नगर के व्यस्ततम चौराहे में से एक कुतुपुर चौराहे पर हुई दुकान में घुसकर बंदूक की नोक पर हुई लूट से व्यापारी समाज में बहुत रोष है जौनपुर नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल के नेतृत्व में पीड़ित रवि कुमार से व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल मिला और पूरी घटना का अवलोकन किया नगर अध्यक्ष में कहा कि आज व्यापारी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है इस तरह की घटना पर त्वरित कार्रवाई की व्यापारी वर्ग उम्मीद करता है उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पुलिस अधीक्षक महोदय से मांग की कि घटना का जल्द से जल्द पर्दाफाश किया जाए और जिन लोगों ने यह कृत्य किया है उन्हें सलाखों के अंदर पहुंचाया जाए प्रतिनिधिमंडल में उपस्थित उपाध्यक्ष अमर जौहरी और दिनेश श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से कहा कि जल्द से जल्द इस छिनैती का पर्दाफाश किया



जाए जिससे कि व्यापारियों में सुरक्षा की भावना जागे प्रतिनिधिमंडल में नगर उपाध्यक्ष संतोष साहू महामंत्री दक्षिणी मुन्ना लाल अग्रहरि महामंत्री उत्तरी मनोज कुमार साहू नगर मंत्री चंद्रप्रकाश जायसवाल, मीडिया प्रभारी यशवंत साहू, नगर मंत्री धीरज गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, अनिल वर्मा, सत्य प्रकाश जायसवाल आदि व्यापारी शामिल रहे!

## वृहद विधिक साक्षरता व जागरूकता मेगा शिविर का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत की आजादी का अमृत महोत्सव के तहत कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में वृहद विधिक साक्षरता/जागरूकता मेगा शिविर का आयोजन जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय मदन पाल सिंह की अध्यक्षता में किया गया, शिविर में भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के चयनित लाभार्थियों को चयनित प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें कानूनी सेवाओं से जागरूक किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए जनपद न्यायधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिाकरण जनपद न्यायालय मदन पाल सिंह ने कहा कि देश में विधिक सेवा अधिनियम 1987 को लागू हुआ जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को निशुल्क और कानूनी सेवाओं को प्रदान करना है। कार्यक्रम के नोडल अधिाकारी अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश एससी/ एसटी एक्ट रमेश दुबे ने कहा कि कोई भी पीड़ित व्यक्ति जागरूक होकर ही विधिक सेवा का लाभ ले सकता है इसके लिए जनपद न्यायालय में स्थापित जिला विधिक सेवा सेवा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन कर समस्याओं का निस्तारण पा सकते हैं। जिलाधिकारी/ पदेन सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को पारदर्शी तरीके से पात्र लाभार्थियों को बिना किसी भेदभाव को उपलब्ध कराई जाए, उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा व दैवीय आपदा योजनाओं का लाभ तभी मिलेगा जब घटना के 45 दिन के अंदर दस्तावेज संबंधित तहसीलों में भेज दें। दैवी आपदा में चार लाख का भुगतान 48 घंटे के अंदर दिया जाता है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के 25 लाभार्थी, कृषि विभाग से 25, मत्स्य विभाग से 28,दिव्यांगजन सशक्तिकरण से 20,निराश्रित पेंशन 6, कन्या सुमंगला योजना में पांच को, कोविड बाल सेवा योजना में 22, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से 25, समाज कल्याण विभाग से 25 लाभार्थियों सहित कुल 181 लाभार्थियों को अध्यक्ष द्वारा स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अपर जिला कृषि अधिकारी डॉ रमेश चंद्र यादव ने किया। इस मौके पर विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिवानी रावत, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल, मुख्य राजस्व अधिकारी, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी और भारी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

# 14 नवंबर रविवार को मनाया जाएगा ब्राम्हण परिवार का 16 वाँ स्थापना उत्सव दिवस

आर एल पाण्डेय लखनऊ। ब्राम्हण परिवार लखनऊ के केंद्रीय अध्यक्ष शिव शंकर अवस्थी एवं रक्षा मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर राघवेन्द्र शुक्ला ने बताया कि ब्राम्हण परिवार लखनऊ 14 नवंबर रविवार को अवस्थी लॉन कृष्णा नगर कानपुर रोड लखनऊ में 16 वां स्थापना उत्सव मनाएगा। मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री भारत सरकार एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रहेंगे। विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, सांसद ( सचेतक) राज्यसभा अशोक बाजपेई, विधि एवं न्याय मंत्री बृजेश पाठक, प्राविधिक शिक्षा मंत्री जितिन प्रसाद, महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती स्वाति सिंह, प्रयागराज की सांसद श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी रहेंगे। विधायक सुरेश चंद्र तिवारी अविनाश त्रिवेदी सुधाकर त्रिपाठी, उमेश द्विवेदी की उपस्थिति में रविवार को स्थापना उत्सव भव्य रुप से मनाया जाएगा।

# मूर्ति विसर्जन अभियान जारी

आर एल पाण्डेय लखनऊ। आज 6जी दिन दिनांक 12.11. 2021, पुनः ससम्मान श्री गणेश लक्ष्मी जी एवं अन्य देवी देवताओं की मूर्ति विसर्जन अभियान कुड़िया घाट पर गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा सम्पन्न किया गया। आज विवेक खंड–4, विनय खंड–2और 5 विश्वास खंड –3,विराम खंड खंड–5,विशाल खंड– 2,विपुल खंड 4, विशाल खंड–2 आदि समितियों के अध्यक्ष व सचिव के द्वारा एकत्र की गई 20000 से अधिक मूर्तियों को विसर्जित किया गया। ये अभियान लगातार अगले 7 दिनों तक लगातार चल रहा है। महासमिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ल ने सभी समितियों से आग्रह किया है कि आज अभियान का अंतिम दिन है और मूर्तियों का एकत्रीकरण करके निश्चित स्थान पर महासमिति द्वारा चिन्हित पर या महासमिति के कार्यालय – 3/127, विवेक खंड गोमतीनगर पर आज अपराह्न 3 बजे तक अवश्य पहुचाएं ताकि मूर्तियों को ससम्मान सायं काल 4 से 6 बजे तक विसर्जित किया जा सके। आज के विसर्जन कार्यक्रम में डॉ0 राघवेंद्र शुक्ल महासचिव, सी0जी0 नायर, अमित शर्मा



आई0 टी0 प्रभारी,ऋषभ कश्यप और अजय कुमार राय आदि कार्यकर्ताओं ने कारसेवा में सहयोग दिया।महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ल ने गोमतीनगर नगर विस्तार व ग्रामीण अंचल के नागरिकों से अपील किया है कि इस पर्यावरण संरक्षण हेतु सामाजिक,सांस्कृतिक ,धार्मिक तथा पुण्य के इन कार्य मे अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# नगर के मोहल्ला भंडारी माल गोदाम के निकट अज्ञात व्यक्ति की नाले में पाई गयी लाश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भंडारी मालगोदाम निकट शुक्रवार शाम एक अज्ञात व्यक्ति की लाश नाले में पाई गई, शुक्रवार शाम को खाली प्लास्टिक की शीशी व कबाड़ी का सामान बीनने वाले छोटे बच्चों को नाले के अंदर एक लाश दिखाई दी, यह देखते ही दोनों बच्चों ने शोर मचाना शुरु कर दिया, बच्चों के शोर पर काफी लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दिया गया मौके पर शहर कोतवाल सतीश कुमार सिंह सहयोगी जवानों के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए और शव को बाहर निकाल कर काफी देर तक पहचान कराने का प्रयास किया गया लेकिन पुलिस के हाथ निराशा ही लगी। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष थी हल्की दाढ़ी काला जैकेट शर्ट सफेद धारीदार जींस का काला पेंट पहने हुए था, मृतक का शव देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वह 2 दिन से ही उक्त नाले में गिरा हुआ होगा, पुलिस द्वारा अभी भी उक्त अज्ञात शव के परिजन की तलाश करने का प्रयास किया जा रहा है।

# आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंककर किया विरोध प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जहां एक ओर आजमगढ़ विश्वविद्यालय का शिलान्यास केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा आजमगढ़ में आज किया गया वहीं दूसरी तरफ आजमगढ़ विश्वविद्यालय बनाने के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय से 50 करोड़ की वसूली के विरोध में तथा राजकीय मेडिकल कॉलेज को स्वशासी बनाए जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जौनपुर में पुतला फूंककर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आज आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ता गण पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सामने गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा पूर्वांचल विश्वविद्यालय से लेकर मेडिकल कॉलेज सिद्दीकपुर तक हाथों में काला झंडा लेकर प्रतिरोध मार्च निकाला । यह कार्यक्रम आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना के अध्यक्षता में किया गया जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना ने कहा कि शिराजे हिंद जनपद जौनपुर विद्या अध्ययन के केंद्र के रूप में प्राचीन काल से जाना जाता है किंतु वर्तमान योगी सरकार यहां के शिक्षण संस्थाओं को बर्बाद करके शिक्षा व्यवस्था को नष्ट करने पर तुली है आज देश के गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर को नष्ट कर आजमगढ़ विश्वविद्यालय का शिलान्यास कर रहे हैं। उसी क्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश अस्थाना ने कहा कि योगी सरकार तानाशाही पर उतर आई है सरकारी संस्थाओं को बेचने और निजीकरण में मस्त है आम आदमी पार्टी 2022 के आगामी चुनाव में योगी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। इसी क्रम में अधिवक्ता विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मणि त्रिपाठी ने कहा कि हम नए विश्वविद्यालयों की स्थापना का स्वागत करते हैं हर जनपद में विश्वविद्यालय स्थापित करें हम उसका स्वागत करते हैं किंतु सरकार पहले से स्थापित विश्वविद्यालयों को जहां एक ओर तोड़ रही है वहीं नए विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए पूरा खर्च भी पुराने विश्वविद्यालयों से ही लेने का काम कर रही है प्रदेश सरकार पूर्वांचल विश्वविद्यालय को एक रुपए का भी अनुदान नहीं देती, इसी क्रम में व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव हिंच नारायण तिवारी ने कहा कि बावजूद इसके आजमगढ़ विश्वविद्यालय बनाने के लिए 100 करोड़ रुपए पूर्वांचल विश्वविद्यालय से वसूल रही है इसी क्रम में जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा कि जिसमें से 50 करोड़ विश्वविद्यालय से जा चुका है, ऐसा होने से पूर्वांचल विश्वविद्यालय आर्थिक संकट में पड़ेगा। इसी क्रम में जिला महासचिव और शाहगंज के प्रत्याशी विनोद कुमार प्रजापति ने कहा कि जहां यहां के कर्मचारियों को वेतन और पेंशन के लाले पड़ेंगे वहीं फीस में बढ़ोतरी होगी, जिसका सीधा असर यहां की गरीब जनता पर जाएगा। योगी सरकार ने पिछली सरकार द्वारा सिद्दीकपुर में बनाए गए राजकीय मेडिकल कॉलेज को भी बर्बाद करने का काम किया है, पहले यह मेडिकल कॉलेज सरकारी था इसी क्रम में मल्हनी विधानसभा के प्रत्याशी जिया लाल प्रजापति ने कहा कि जिसे चुपके से वर्तमान सरकार ने स्वशासी कर दिया। स्वशासी का मतलब प्रदेश सरकार इस मेडिकल कॉलेज पर अनुदान नहीं देगी और इसे अपने वित्तीय स्रोत खुद बनाने पड़ेंगे,परिणामस्वरूप इस मेडिकल कॉलेज में छात्रों की पढ़ाई महंगी होगी और स्वास्थ्य सुविधिाएं भी महंगी हो जाएंगी। मेडिकल कॉलेज तो पूरा नहीं बना लेकिन उसका तीन बार नाम जरूर बदला। वर्तमान सरकार ने पिछली सरकार के समय में बने हुए अधूरे मेडिकल कॉलेज की सामने से पुताई कराकर उद्घाटन कर दिया जो अत्यंत खेद जनक है। निश्चित तौर से आज का दिन जौनपुर के शिक्षा जगत के क्षेत्र में काला अध्याय के रूप में लिखा जाएगा। आम आदमी पार्टी इसका विरोध करती है पूर्वांचल विश्वविद्यालय को बचाने के लिए तथा राजकीय मेडिकल कॉलेज को स्वशासी बनने से रोकने के लिए आम आदमी पार्टी अपना आंदोलन जारी रखेगी। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय को आजमगढ़ और मऊ कट जाने के बाद दो नये जिले दिए जाएं और उत्तर प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों का नए सिरे से समान रुप से परिसीमन किया जाए जिससे कि सभी राज्य विश्वविद्यालयों का समान रुप से वित्तपोषण हो सके साथ ही राजकीय मेडिकल कॉलेज को स्वशासी न बनाया जाए। आम आदमी पार्टी अपनी मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाएगी और सरकार को ऐसा करने से रोकेगी। यदि जनहित के इन मांगो को सरकार पूरा नहीं करती तो जनता जौनपुर में योगी सरकार के मंत्रियों और केंद्र सरकार के मंत्रियों को जौनपुर की घुसने नहीं देगी और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता इनका हर जगह विरोध करेंगे। इस कार्यक्रम में शामिल साथी पार्टी के वरिष्ठ साथी सैयद मोहम्मद जैदी, नगर अध्यक्ष बंटी अग्रहरि ,मनीष सिंह, दिलीप सिंह, विद्याधर मिश्र ,जुनैद खान ,राजेंद्र मौर्य, राज बहादुर पाल, जिला कोषाध्यक्ष डॉ दिवाकर मौर्य,आशीष यादव, विशाल यादव ,सोनू ,अबूसाद ,शिव जी मिश्र, शशि रजक ,मुमताज अहमद आदि लोग शामिल रहे।

### जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय केडवारी में चल रहे टीकाकरण कार्य का निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा विकासखंड मड़ियाहूं के प्राथमिक विद्यालय केडवारी में चल रहे टीकाकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया कि एक कुल 138 लोगों को कोविड का टीका लगाया गया था, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सा अधिाक्षक डॉ एमएस यादव को निर्देश दिया गया कि गांव में शत–प्रतिशत टीकाकरण कराएं । इस अवसर पर डॉ सौरभ श्रीवास्तव एवं मालती देवी , आशा सरोजा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संगठन में कोई छोटा या बड़ा नहीं है बल्कि हम सभी एक दूसरे के पूरक हैं: पुष्पराज सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत जिला अध्यक्ष ने कार्यक्रम में पहुंच कर कार्यकर्ताओं को चुनावी टीप्स देते हुए उनमें जोश भरा, उन्होंने शाहगंज विधानसभा के सभी मण्डलों में आयोजित सदस्यता अभियान कैंप में लोगों से संवाद करते हुए कहा कि बूथ स्तर पर मजबूती के लिए भाजपा ने सदस्यता अभियान पर विशेष जोर दिया है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए टेस्ट अभियान में क्रास चेकिग की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा से जुड़ने के लिए मोबाइल फोन के जरिए मिस्डकॉल करिये और सदस्यता ग्रहण करिए। बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान चला कर नये सदस्यों को जोड़ने का कार्य कार्यकर्ताओं को सौंपा गया है। उन्होंने आगे कहा कि संगठन में कोई छोटा या बड़ा नहीं है बल्कि हम सभी एक दूसरे के पूरक हैं। हम सब मिलकर भाजपा की ताकत हैं, विपक्षियों को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष भाजपा की ताकत से बौखलाहट में है भाजपा अपने सिद्धांतों पर कायम है उसकी कथनी और करनी में कदापि फर्क नहीं है। इसी क्रम में मुंगराबादशाहपुर विधानसभा के बेलवार मण्डल में मण्डल अध्यक्ष




महेन्द्र बिंद के अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने कहा कि कार्य को पहाड़ मानने से लक्ष्य कभी पूरा नहीं होता है, उसे सरल बनाना होता है। मतदाता पुनरीक्षण कार्य के निर्धारित अभियान में लगकर आप सभी मतदाता को बढ़ाने का लक्ष्य अवश्य पूरा करें। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सदस्यता अभियान के जरिए पुराने कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनके द्वारा दिए गए सुझावों पर अमल करे। उक्त अवसर पर मंडल महामंत्री बड़ेलाल तिवारी, अजय जायसवाल, विधानसभा विस्तारक गिरीश पांण्डेय जिला कार्यसमिति सदस्य नीरज द्विवेदी, पंकज सिंह, दिनेश मिश्रा, छोटेलाल पांण्डेय पूर्व मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ मिश्रा, अवधेश मिश्रा शक्ति केंन्द्र प्रमुख गोपाल मिश्रा सोशल मीडिया संयोजक प्रदीप जायसवाल, शुभम मौर्या, मण्डल मीडिया प्रभारी संदीप जायसवाल आदि पदाधिकारी लोंग उपस्थिति रहें।

# भाजपा महिला मोर्चा की मिशन शक्ति का कार्यक्रम सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्सा ब्लॉक मे भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा की मिशन शक्ति का कार्यक्रम सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा के रागिनी सिंह ने की। जिसमें



पत्र वितरण का एव सदस्यता और मतदाता पुनर्निरीक्षण के कार्य पर विस्तार से चर्चा हुई, और आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की गई। इस बैठक के जरिये भाजपा महिला कार्यकर्ताओं की केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के साथ बूथ एवं मंडल इकाइयों से लेकर जिलों तक संगठन को मजबूती देने तथा 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने के लिए जिम्मेदारी एवं जवाबदेही तय करेगी, बैठक में जिलाध्यक्ष रागिनी सिंह ने पदाधिकारियों में ऊर्जा का प्रसार करते हुए कहा कि न हम बेचारी हैं न हम कमजोर हैं हम सृष्टि की जन्म दात्री हैं इसलिए हमें मजबूती के साथ संगठन के पक्ष को जनता तक पहुंचाना होगा और उत्तर प्रदेश में दोबारा भारतीय जनता पार्टी को स्थापित करना होगा। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री विमला श्रीवास्तव, किरण मिश्रा, जिला ममता गिरी, जिला मंत्री प्रियंका श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी निकिता मौर्या एवं मण्डल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रजनीपुर रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने दी जान मामला संदिग्ध



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के रजनीपुर रेलवे क्रासिंग के समीप एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दिया फिलहाल मामला संदिग्ध बताया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी चन्द्रसेन उपाध्याय का करीब 19 वर्षीय पुत्र शिवम उपाध्याय किसी बात को लेकर वह घर से निकला और रजनीपुर रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दिया लेकिन मामला संदिग्ध है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# घनश्यामपुर बाजार में संदिग्ध परिस्तियों मे फांसी के फंदे पर झूली विवाहिता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के घनश्यामपुर बाजार मे घर के बंद कमरे में लगे गाटर के हुक मे फांसी के फंदे पर लटकी मिली विवाहिता का शव, सूचना पर पहुंची बदलापुर कोतवाली पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर आवश्यक कार्रवाई मे जुटी है।यह भी बताते चले कि वर्ष 2017 मे घनश्यामपुर निवासी रवी गुप्ता की शादी सिंगरामऊ थाना क्षेत्र डड़ारी निवासिनी कंचन गुप्ता के साथ हुई थी। कंचन का करीव दो वर्षीय एक बेटा भी है।जहा आज कंचन ने संदिग्ध परिस्थितियो मे घर के बंद कमरे मे फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली।

# चुनाव पाठशाला में मतदाता बनने का लिया संकल्प

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत विकास खण्ड खुटहन व विकास खण्ड मुंगराबादशाहपुर के सभी परिषदीय विद्यालयों पर चुनाव पाठशाला आयोजित हुई। खुटहन में खण्ड शिक्षा अधिकारी खुटहन अरुण कुमार यादव के नेतृत्व में व मुंगराबादशाहपुर में खण्ड शिक्षा अधिकारी मुंगराबादशाहपुर जवाहरलाल यादव के नेतृत्व में सभी परिषदीय विद्यालयों पर चुनावी पाठशाला आयोजित हुई जिसके माध्यम से लोगों को वोटर बनने का संकल्प दिलाते हुए निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। प्राथमिक विद्यालय खुटहन पर आयोजित कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी खुटहन अरुण कुमार यादव यादव ने कहा कि जनपद जौनपुर में जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के आदेशानुसार सभी परिषदीय विद्यालयों में चुनावी पाठशालाएं कराई जा रही है। पाठशालाओं के माध्यम से निर्वाचन संबंधी क्रियाकलाप कराते हुए सभी पंजीकृत बच्चों, अभिभावकों, विद्यालय प्रबंध समिति, विद्यालय के समस्त स्टाफ, रसोइया, आदि को जागरूक किया जा रहा है कि सर्व प्रथम 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके सभी पात्र लोगों को मतदाता बनाने हेतु प्रेरित करें। तथा सभी को निर्वाचन के सम्बंध में साक्षर करें। खण्ड शिक्षा अधिकारी मुंगराबादशाहपुर जवाहरलाल यादव ने प्राथमिक विद्यालय सेमरी में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए जरुरी है कि सभी मतदाता भागेदारी करें, इसके लिए आवश्यक है कि सभी पात्र लोग वोटर बने। जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने वोटर हेल्पलाइन ऐप के बारे में भी विस्तार से बताया। आज विशेष तिथि है इसमें सभी बीएलओ, पदाभिहित अधिकारी का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर मुंगराबादशाहपुर के कम्पोजिट विद्यालय सराय चौहान, नारायणपुरा, पूर्व मा. वि. असवां, मोलनापुर, पंवारा, प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर, बभनियांव, असंवा, करौर, हैदरेपुर, बेर्श, भोलापुर, बनवीरपुर, पूरादयाल, गोवर्धनपुर, बोड़ी का पूरा, रखौली, उत्तरपूरा व खुटहन विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय जमालपुर, निजामपुर, धुधुरी सुल्तानपुर, ओइना, पोटरिया, शेरपुर, प्राथमिक विद्यालय लोनियापट्टी, उसरौली, मुबारकपुर, रुस्तमपुर सहित दोनों विकास खण्ड के सभी परिषदीय विद्यालयों पर चुनावी पाठशाला आयोजित हुई।

# फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना अंतर्गत प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम संपन्न

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत आज प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम ग्राम बावन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता ग्राम के जागरूक कृषक इरशाद खान ने किया तथा इस कार्यक्रम में ग्राम के 60 से अधिक कृषकों ने भाग लिया इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ राजीव कुमार डॉ मुकेश कुमार एवं डॉ डीबी सिंह , ने सहभाग किया इसमें किसानों को फसल अवशेष ना जलाने के लिए अच्छी प्रकार से बताया गया केंद्र के वैज्ञानिक डॉ मुकेश कुमार ने फसल के अवशेष को जलाने से होने वाली हानियों के बारे में विस्तार से चर्चा किया तथा इसके अंदर डॉक्टर राजीव कुमार ने फसल अवशेष प्रबंधन करने से क्या–क्या लाभ होते हैं एवं मृदा में इससे क्या फायदे होते हैं विस्तार पूर्वक कृषकों को बताया गया तथा केंद्र के वैज्ञानिक एवं फसल प्रबंधन योजना के नोडल अधिकारी डॉ डीबी सिंह ने फसल अवशेष प्रबंधन में प्रयोग होने वाले यंत्रों एवं वेस्ट डी कंपोजर के बारे में विस्तृत जानकारी दी । अंत में ग्राम के सम्मानित जागरूक कृषक श्री इरशाद खान ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# बेखौफ बदमाशो ने असलहे की नोक पर केराना व्यापारी को लूटा : घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरायखाजा थाना क्षेत्र के कुत्तुपुर तिराहे पर स्थित एक केराना की दुकान में मुह पर मास्क लगाये दो बेखौफ बदमाशो ने धावा बोलकर असलहे के बल पर जमकर लूट पाट किया। सरेराह हुई इस दुस्साहिक वारदात से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज के जरिए लूटेरो तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। सरायखाजा थाना क्षेत्र के कुत्तुपुर तिराहे से शाहगंज रोड पर स्थित एक केराना की दुकान पर करीब आठ बजे रात को मुंह पर मास्क लगाये दो युवक पहुंचे। एक असलहा निकालकर दुकानदार पर तान दिया, दूसरे ने कैश बाक्श से पैसा निकालन शुरू कर दिया। इस बीच एक दुकान के कर्मचारी ने शोर मचाना चाहा तो असलहाधारी बदमाश ने उसे धमकाते हुए दुकान के अन्दर कर दिया। लूटने के बाद बदमाश भाग निकले। बदमाशो




के जाने के बाद दुकानदार ने शोर मचाया तो आसपास लोग एकत्रीत हो गये। सूचना मिलते ही इलाके की पुलिस मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज के जरिए बदमाशो तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। वही इस संबंध में पूछे जाने पर अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाते हुए शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करें। जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार को निर्देश दिया कि सामुदायिक शौचालयों के संचालन में लापरवाही ने बरती जाये। ग्राम पंचायतों की जांचे लम्बित न रहें। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत राज अधिकारी प्रतिदिन गांव का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था देखे और सफाई न करने वाले सफाईकर्मियों के विरूद्व कार्यवाही करें। धान क्रय केन्द्र के सम्बन्ध में निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष सारे धान क्रय केन्द्र खोले जायें और क्रय केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चित कर ली जाये। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि गो–आश्रय स्थलों पर ठंड को देखते हुए बोरो, तिरपाल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चित कर ली जाये। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि उर्वरकों की उपलब्धता बनी रहे। श्रम विभाग में श्रमिकों का पंजीकरण में प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त की और सहायक श्रमायुक्त कुलदीप सिंह को कहा कि ई–श्रम पोर्टल के बारे में लोगो को अधिक से अधिक जागरूक किया जाये। शत–प्रतिशत पेंशन की सुविधाओं का लाभ लोगो को देने का निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि कही दुर्घटना होती है, तो अधिकारी स्वयं संज्ञान लेते हुए पीड़ित को पेंशन एवं अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ दें। जिलाधिकारी के द्वारा छात्रवृति, प्रधानमंत्री, किसान सम्मान निधि, विद्युत विभाग, जल निगम, सेवायोजन विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, जिला विकास अधिकारी बी.बी. सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर.डी. यादव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुआ जिला कारागार जौनपुर का वर्चुवल निरीक्षण : सचिव

जौनपुर सू.वि. : सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय शिवानी रावत ने अवगत कराया है कि उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एम०पी० सिंह के संरक्षण एवं अनुमति से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बन्दियों को विधिक जानकारी प्रदान करने हेतु सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत, की अध्यक्षता में 12 नवम्बर 2021 को समय अपरान्ह 01.00 बजे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कारागार जौनपुर का वर्चुवल निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी जेलर द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1185 विचाराधीन बन्दी हैं। महिला बन्दियों के साथ 08 वर्ष से कम आयु के 14 बच्चे हैं, जेल अस्पताल में कुल 27 बन्दी है, 01 बन्दी 10 नवम्बर 2021 से जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। किशोर बैरक में 18 से 21 वर्ष तक की आयु के 51 किशोर बन्दी है। कुल 1103 मन्दियों को वैक्सीनेशन की दोनों डोज दिलायी जा चुकी है। शिविर को सम्बोधित करते हुए श्रीमती शिवानी रावत, सचिव, पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कराते हुए बताया गया कि गरीब, असहाय वर्ग के ऐसे बन्दी जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अपने वादों की पैरवी हेतु वकील नहीं कर पा रहे हैं, वे जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से कारागार अधीक्षक द्वारा अग्रसारित कराकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये जाने पर निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कराया जाता है। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि ऐसे बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित कराना सुनिश्चित करें जिससे निःशुल्क अधिवक्ता नामित किया जा सके। '' प्ली बारगेनिंग '' के विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए यह बताया गया कि प्ली बारगेनिंग के द्वारा दाण्डिक अभियोजन व पीडित पक्ष आपसी सामन्जस्य से आपराधिक प्रकरण के निपटारे हेतु न्यायालय के अनुमोदन से एक रास्ता निकालते हैं। भारतीय दाण्डिक न्याय व्यवस्था में इस सम्बन्ध में प्राय न दण्ड प्रक्रिया संहिता संशोधन अधिनियम 2006 के द्वारा '' प्ली बारगेनिंग '' शीर्षक से एक नया अध्याय 21ए (धारा 265ए–265एल द०प्र०सं०) के नाम से जोड़ा गया था, सचिव के द्वारा यह बताया गया कि '' प्ली बारगेनिंग के तहत अभियुक्त को अपराध की स्वीकृति करने पर हल्के दण्ड से दण्डित किया जाता है जो कि अन्यथा कठोर हो सकता है। इसके तहत अभियुक्त कम सजा के बदले में अपने द्वारा किये गये अपराध को स्वीकार करके पीड़ित व्यक्ति को हुए नुकसान और मुकदमे के दौरान हुए खर्च की क्षतिपूर्ति करके कठोर सजा से बच सकता है। ''प्ली बारगेनिंग'' का लाभ ऐसे अपराधों में लिया जा सकता है जिसमें अधिकतम सजा 07 वर्ष से अधिक न हो, अपराध देश की सामाजिक, आर्थिक स्थिति को प्रभावित न करती हो ऐसे अपराध जो महिलाओं अथवा 14 वर्ष से कम आयु में बच्चों के साथ कारित न किये गये हो। सचिव द्वारा बताया गया कि जेल में निरूद्ध बन्दियों के परिजन जेल प्रशासन को 72 घण्टे के अंदर आरटीपीसी आर जाँच रिपोर्ट दिखाकर जेल में निरूद्ध अपने परिजन बन्दी से मुलाकात कर सकेंगे। जेल बैरको तथा परिसर की साफ–सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखे जाने तथा परिसर को जलभरावमुक्त एवं रखे जाने एवं मच्छरों के प्रकोप से बचने के लिए फागिंग कराये जाने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर डिप्टी जेलर कमलेन्द्र प्रताप सिंह, जेल पीएलवी गण दीपक, सुरेन्द्र, विमल, विकास व त्रिभुवन यादव तथा अन्य बंदी उपस्थित रहे।

# राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर की वार्षिक पत्रिका का "सृजन"

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ऋषि यमदग्नि के तपः भूमि के अभिधान से विभूषित आदि गंगा गोमती के पावन तट व अटाला मस्जिद एवं शाही किला जैसी ऐतिहासिक इमारतों के मध्य स्थित राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय जिसे हम प्यार से संक्षिप्त रूप में राज कॉलेज कहते हैं, वर्षों से देश को शैक्षिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक रूप से समृद्ध कर रहा हैद्य हमारा यह महाविद्यालय उत्तर प्रदेश के 3 सबसे पुराने संस्थानों में से एक हैद्य यह महाविद्यालय मिशनरी स्कूल के रूप में 1841 में स्थापित हुआ इसके लिए आवश्यक जमीन व कोश पुण्यात्मा महाराज श्री बाल दत्त ने उपलब्ध कराई इन्हीं के शुभ संकल्पों को पूरा करते हुए राजा श्री कृष्ण दत्त ने जिनकी चिर स्मृतियों का साक्षी यह महाविद्यालय है, इस संस्थान को प्राइमरी से लेकर हाई स्कूल तक उन्नत कियाद्य महाराज ने अपनी त्याग एवं बलिदान से देश प्रेम के जिन मूल्यों को स्थापित किया वह युगों युगों तक जनमानस को प्रेरणा देता रहेगाद्य उनके सिरजे मूल्यों के आलोक में राजा श्री यादवेंद्र दत्त दुबे ने संस्थान को व्यवस्थित रूप देते हुए हाई स्कूल से इंटरमीडिएट, इंटरमीडिएट स्नातक और फिर स्नातकोत्तर स्तर तक उत्तरोत्तर विकास कियाद्य इस महाविद्यालय को महाराज ने इसलिए स्थापित किया की आस पास के गांव के गरीब सुविधा हीन और वंचित वर्ग के लोग सस्ती दर पर उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त कर सकें और यह भी बात महत्वपूर्ण है कि राजा साहब ने अपने संस्थानों में राज परिवार राज परिवार से रिश्ते में जुड़े हुए किसी व्यक्ति को नहीं रखा है, बल्कि यह संस्थान क्षेत्र व् प्रदेश के कोने कोने सेआ ए लोगो को उनकी प्रतिभा के आधार पर रोजगार प्रधान कर रहा है। महाविद्यालय ने जुलाई 1959 में स्नातक की मान्यता प्राप्त किया द्य अध्यक्ष राजा श्री यादवेंद्र दत्त दुबे व प्रबंधक जी के कुशल मार्गदर्शन में प्राचार्य डॉ ब्रज भूषण दुबे के कठिन परिश्रम और प्रयास से 1996 में महाविद्यालय को स्नातकोत्तर की मान्यता प्राप्त हुईद्य त्याग एवं बलिदान की धनि महान स्वतंत्रता सेनानी श्री यादवेंद्र दत्त दुबे ने न सिर्फ इस संस्थान को बल्कि बदलापुर सहित अनेक संस्थानों को भूमि व संपत्ति प्रदान किये है , जहां वह आज पुष्पित व पल्लवित हो रहे हैंद्य शाही महल के बगल में स्थित रॉयल गेस्ट हाउस को विज्ञान संकाय शुरू करने के लिए उन्होंने प्रदान कियाद्य हमारा महाविद्यालय शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित है, संस्थान का मुख्य परिसर अटाला मस्जिद से सटा हुआ है जहां पर भाषा संकाय, कला मानविकी और सामाजिक विज्ञान संकाय एवं शिक्षा संकाय का पाठ्यक्रम चलता है दूसरी मुख्य बिल्डिंग रासमण्डल में है जहां विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संकाय उपस्थित है द्य हमारे महाविद्यालय कि इन सभी संकायों में उन्नत शिक्षा व शोधा कार्य निरंतर चलता रहता है, तीसरी मुख्य बिल्डिंग हिंदी भवन के नजदीक श्री राजा यादवेंद्र दत्त केंद्रीय लाइब्रेरी है तथा सुदूर क्षेत्रों से ,दूसरे जनपदों से आने वाले छात्रों के लिए नूतन हॉस्टल भंडारी रेलवे स्टेशन के बगल में स्थित है, यहीं पर छात्रों की खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए राजा यादवेंद्र दत्त खेल मैदान स्थित है, इस संस्थान की 14 एकड़ जमीन धर्मापुर में स्थित है वहीं पर एक सुंदर बगीचा है और वहीं पर स्वर्ण मंदिर अमृतसर की तर्ज पर या उसी की अनुकृति में भगवान शिव का एक सुंदर मंदिर स्थित है द्य 180 वर्षों के इतिहास में महाविद्यालय नित नए नए स्वरूप को ग्रहण करता रहा है जिसमें सब की भूमिका के साथ–साथ प्राचार्यो की भूमिका महत्वपूर्ण रही है, संस्थापक प्राचार्य स्वर्गीय डॉक्टर अखिलेश चंद्र उपाध्याय ने जिस शैक्षिक पृष्ठभूमि को तैयार किया उसको आगामी प्राचर्यो ने अपने परिश्रम से और आगे बढ़ाया। उज्जवल चेतना के धनी 'अनुशासित व्यक्तित्व' ऊर्जावान व महाविद्यालय में नूतन प्रयोगों को कार्य रूप में परिणत करने वाले वर्तमान प्राचार्य कैप्टन डॉ अखिलेस्वर शुक्ला जी जो एक अनुशासन प्रिय व्यक्तित्व हैद्य वर्तमान प्राचार्य मूल रूप से सासाराम बिहार के हैं आप की प्रारंभिक शिक्षा सेंट्रल हिंदू स्कूल वाराणसी और उच्च शिक्षा बीएचयू से हुई आप महा मना के परिसर में 14 वर्ष का समय व्यतीत किए आप छात्र राजनीति से भी जुड़े रहे ।आप सामाजिक विज्ञान संकाय के फैकल्टी काउंसलर के रूप में निर्वाचित होकर तत्कालीन संघ अध्यक्ष माननीय श्री मनोज सिन्हा जीख उपराज्यपाल जम्मू कश्मीर, की कार्यकारिणी में कार्य किया ओमप्रकाश सिंह जी आपके सहपाठी थे उस दौरान श्री महेंद्र नाथ पांडे श्री भरत सिंह बलियाश्री चंचल कुमार सिंह श्री केदारनाथ सिंह एमएलसी श्री राजेश मिश्रा जी आप सभी सर की वरिष्ठ थे आपके इन सभी के साथ संबंध थे और आपने इनके साथ कार्य किया द्य आप अइे पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षक में भी तीन बार प्रतिनिधित्व किआ विगत चुनाव के पूर्व आप उपाध्यक्ष थे आप अनेक सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेते रहते हैं अनेक सामाजिक मंचों से आप कई बार पुरस्कृत हो चुके हैं कुछ मंच पर तो डॉक्टर हरेंद्र सिंह जी जहां बैठे हुए हैं आपके हाथों ही पुरस्कार प्राप्त हुए किये है द्य आपके द्वारा शिक्षित प्रशिक्षित और सृजित अनेक छात्र जीवन के क्षेत्र में अनेक ऊंचाइयों पर पहुंचे हैं आपके कुछ छात्र तो अभी ए परिणाम में चयनित होकर प्राचार्य के रूप में अनेक महाविद्यालयों में कार्यभार ग्रहण कर रहे हैंद्य 2003 से 2012 के मध्य आप महाविद्यालय के मुख्य अनुसास्ता के पद पर रहते हुए महाविद्यालय में मोबाइल के प्रयोग को पूर्णत प्रतिबंधित किया था,प्राचार्य पद ग्रहण करने के बाद आप के नेतृत्व में फरवरी 2021 से महाविद्यालय परिसर को पूर्णता नशा मुक्त किया गया, महिला सशक्तिकरणऔर नारी शक्ति पर विश्वास करते हुए एक महिला शिक्षक डॉ सुधा सिंह को मुख्या अनुशास्ता का दायित्व सौंपकर अपनी प्रगतिशील सोच का परिचय दिया, अल्प कार्यकाल में ही आपके कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय ने अनेक उपलब्धियां प्राप्त की जैसे तकनीकी सेल का गठन,वेबसाइट का निर्माण महाविद्यालय के मुख्य कैंपस में नवीन प्रसाधन गृह का निर्माण, महाविद्यालय के मुख्य गेट का निर्माण आदिद्य ंच के कुशल मार्गदर्शन में हमारे महाविद्यालय में लगभग 52 प्रोफेसर है जो अपने–अपने विषयों के विद्वान हैं निरंतर अध्ययन अध्यापन और शोधा कार्य में लगे रहते हैंद्य महाविद्यालय के अलग–अलग पाठ्यक्रम में लगभग 4000 विद्यार्थियों की क्षमता हैद्य नई शिक्षा नीति के अनुसार महाविद्यालय में पांच संकाय निरंतर नवप्रवर्तन कार्य तकनीक से शिक्षा व शोध में संलग्न है प्रथम भाषा संकाय दूसरा कला मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय तीसरा विज्ञान संकाय चौथा वाणिज्य संकाय और पांचवा शिक्षा संकाय है सभी प्रोफेसर छात्र व छात्राओं को वैचारिक एवं संवेदनात्मक बोध प्रदान कर रहे हैं हमारी प्राध्यापकों ने मूल्यपरक शिक्षा को अपने शैक्षिक तकनीक में समाहित किया हैद्य महाविद्यालय में शैक्षिक वातावरण में नवीन ऊर्जा लाने हेतु समय–समय पर व्याख्यान, संगोष्ठी व् वेबिनार आयोजित होते रहते हैंद्य कोरोन काल में महाविद्यालय के प्रद्यापको ने ऑनलाइन शिक्षा भी प्रदान कियाद्य महाविद्यालय का अनुशासन सराहनीय है और महाविद्यालय का परिसर पूर्णता नशा मुक्त हैद्यआज जब संपूर्ण भारतवर्ष आजादी की 75 वीं वर्षगांठ आजादी का अमृत महोत्सव मना रही है इस अवसर पर हमारे महाविद्यालय ने भी अनेक कार्यक्रम को आयोजित किया है जैसे समय–समय पर वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाना, प्लास्टिक के अवशेष को उठाकर प्लास्टिक मुक्त स्वच्छता अभियान चलाना और इसी क्रम में 2 अक्टूबर जब राष्ट्रपिता बाबू जी की जयंती लाल बहादुर शास्त्री की जयंती थी उस दिन हमारे समस्त प्राद्यापक और प्राधयापिको ने स्वयं अपने हाथों से झाडू व फावड़ा चला कर महाविद्यालय के वाणिज्य व् विज्ञानं संकाय में स्वच्छता अभियान चलाया और वृक्षारोपण का कार्य किया इसी क्रम में महान स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय रामेश्वर सिंह की धर्मपत्नी 117 वर्षीय वयो वृद्ध महारानी देवी जी को सम्मानित करने का भी कार्य किया गया सम्मान के अवसर पर महारानी जी राज परिवार से अपने लगाओ की चर्चा करके बहुत ही भावुक व् उत्साहित थीद्य महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त अनगिनत छात्र सभी का नाम लेना संभव नहीं है शिक्षा जगत प्रशासनिक सेवाएं राजनीति व समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं और एक वैभवशाली, गौरवशाली भारत के निर्माण में अपना सहयोग कर रहे हैंद्य महाविद्यालय ऐसे अनुशासित एवं मेधावी विद्यार्थियों पर हमेशा गर्व करता हैद्य हमारे महाविद्यालय के विद्वान प्राध्यापक अपनी लेखनी से शोध पत्रों और पुस्तकों की रचना करके ज्ञानक्षेत्र को समृद्ध कर रहे हैं। हमारे महाविद्यालय में इधर तीन–चार वर्षों में आयोग से चयनित होकर अनेक प्रतिभाशाली नई उर्जा से पूर्ण अध्यापकों का आगमन हुआ है जिससे महाविद्यालय की जनशक्ति और समृद्ध हुई है हमारे विद्यालय के एनसीसी एनएसएस रोवर्स रेंजर्स तथा खेलकूद में छात्र व छात्राओं ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करके महाविद्यालय के गौरव को बढ़ाया है एनसीसी के क्षेत्र में नीरज सिंह, हरिओम यादव जैसी एनसीसी के कैडेट राजपथ पर परेड का नेतृत्व कर चुके हैं और प्रदेश स्तर पर राजभवन से पुरस्कृत होने का सम्मान अर्जित किए हैंद्य खेलकूद में अनेक उपलब्धियां रही हैं जैसे बृजेश यादव ने कुश्ती में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए चयन प्राप्त किया एवं गोपाल यादव ने 96 किलोग्राम भार वर्ग में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन प्राप्त किया तलवारबाजी में महाविद्यालय के कई छात्रों ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी फेसिंग प्रतियोगिता में चयनित हो चुके हैं महाविद्यालय के छात्र अनिल कुमार अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा चुकी है। महाविद्यालय के स्वयंसेवी सत्यम शिवम सुंदरम मौर्य ने 2018 में गणतंत्र दिवस परेड शिविर का प्रतिनिधित्व राजपथ पर किया ,साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संस्कृतियों के आदान–प्रदान के साथ महाविद्यालय का नाम रोशन करते हुए भारत की तरफ से चीन में प्रतिनिधित्व कियाद्य वर्ष 2021 में विशाल कुमार ने गणतंत्र दिवस परेड का प्रतिनिधित्व राजपथ दिल्ली में किया द्य इन के पीछे महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ संतोष कुमार पांडे का महत्वपूर्ण योगदान रहा आप राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ की तरफ से उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और उन्हें वर्ष 2019 20 के अइेचन के विवेकानंद सम्मान से सम्मानित किया गया है। महाविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स के रूप में प्रतिवर्ष छात्र–छात्राएं प्रवीण और निपुण का कोर्स करते हैं महाविद्यालय की टीम जनपदीय, विश्वविद्यालय,व् प्रादेशिक रैलियों में प्रतिभाग करती है वह प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कर चुकी हैद्य प्रबंध समिति के वर्तमान अध्यक्ष राजा अवनींद्र दत्त ने 1999 से जिन विकास कार्यों का सृजन किया था उस पथ पर चलने का और उसको और पुष्पित पल्लवित करने के लिए प्राचार्य जी के नेतृत्व में समस्त महाविद्यालय परिवार निरंतर प्रयासरत है।

## अयोध्या–प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर घंटों लगे जाम में परेशान दिखे यात्री :सीओ बीकापुर की पहल पर जाम खुलने में दिखी कुछ आस

अयोध्या।राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या। राम नगरी अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा के चलते अयोध्या–प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर घंटों जाम लगा रहा।जिसमे इधर से गुजरने वाले वाहन चालको व उस पर सवार यात्रियो को घंटो परेशानियों का सामना उठाना पड़ा। इस संबंध में सीओ बीकापुर सत्येंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि उनकी ड्यूटी परिक्रमा मेले में लगने के कारण इस जाम के बारे में नहीं थी लेकिन इस समस्या के बारे में इससे संबंधित अपने अधीनस्थ अधिकारियों से जानकारी लेकर वे शीघ्र ही इस जाम की भयानक समस्या को सुलझाने की बात कही।यह जाम सूत्रों के मुताबिक पिपरी जलालपुर टोल प्लाजा से लेकर पिपरी जलालपुर होते हुए बीकापुर तक घंटों लगा रहा। जिसमें प्रयागराज–अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई से घंटों लगा रहा।जिसमें प्रयागराज से अयोध्या की ओर आने वाले छोटे–बड़े वाहनों के अलावा रोडवेज की बसें ट्रकों कारों के साथ–साथ इसी तरह अयोध्या की ओर से जाने वाले वाहन इस जाम में फंसे रहे यह जाम घंटों लगा रहा।इस दौरान इस जाम को हटाने के लिए वहाँ पर कोई पुलिसकर्मी नहीं दिखाई पड़ रहा था।इस संबंध में जब सीओ बीकापुर सत्येंद्र भूषण तिवारी ने अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों को दिशा निर्देश दिया तो आनन–फानन में सभी पुलिसकर्मियों के हाथ पांव फूल गए जिसका नतीजा यह रहा कि घंटों लगा जाम महज आधे घंटे के अंदर ही अंदर खुल गये।कुल मिलाकर सीओ बीकापुर सत्येंद्र भूषण तिवारी के प्रयास से यह जाम कुछ ही देर में खुल गया जिसके चलते इस राजमार्ग से आने जाने वाले यात्रियों को कुछ राहत मिला।जिसके चलते यह जाम और भीषण होता गया इस घंटो जाम में से ज्यादा परेशानी बुजुर्गों





महिलाओं छोटे–छोटे बच्चों को हो रही थी जो अपने गंतव्य स्थान पर जाने के लिए काफी आतुर थे।परंतु घंटों जाम में यहीं पर ही उन्हें रहना पड़ा।मालूम हो कि इस समय अयोध्या जिले में 14 कोसी परिक्रमा चल रही थी जिसके चलते मार्ग अवरुद्ध भी हो गया था जिसको चलते जिसको देखते हुए जिला प्रशासन ने यातायात डायवर्जन पहले से जारी कर दिया था।परंतु इसकी परवाह इस रूट से आने वाले वाहन चालकों ने नहीं किया जिसका नतीजा यह रहा कि इस मार्ग पर घंटों जाम लगा रहा इस संबंध में सीओ बीकापुर सत्येंद्र भूषण वारी ने बताया की फिलहाल उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है क्योंकि उनकी ड्यूटी अयोध्या परिक्रमा में लगी है।लेकिन वह अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों से जानकारी लेकर इस शाम को छुड़ाने का दिशा निर्देश देकर तिगरी धाम जाम को छुड़ाने का प्रयास करेंगे कुल मिलाकर अयोध्या से जाने वाले सभी वाहन घंटों इस जाम में फंसे रहे।जिसके चलते इन वाहनों से जाने वाले यात्रियों को अपने गंतव्य स्थान तक जाने को लेकर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## श्री राम के नाम से होगा सुपर काम्प्लेक्स पार्किंग

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : उत्तर प्रदेश योगी सरकार द्वारा अयोध्या के डेवलपमेंट के तहत सड़क चौड़ीकरण योजना में बड़ी संख्या में व्यापारियों की दुकानें प्रभावित हो रही है प्रभावित हो रहे व्यापारियों को अयोध्या में स्थापित की जाने के लिए सैकड़ों की तादाद में दुकानों को बनाए जाने की योजना भी तैयार की है जिसके तहत टेढ़ी बाजार के पास दुकानों को बनाए जाने का कार्य योजना तैयार की गई है जल्द ही इस योजना के तहत कार्य को शुरू कर दिया जाएगा। राम नगरी अयोध्या में सड़क चौड़ीकरण के दौरान प्रभावित हो रहे। जिसके चलते व्यापारियों में नाराजगी है। तो वही इस योजना को लेकर व्यापारी कई प्रकार के प्रदर्शन भी कर चुके हैं। वहीं जिसको लेकर जिला प्रशासन ने दुकान तोड़े जाने के पहले व्यापारियों को अयोध्या के टेढ़ी बाजार के पास दुकानों को मुहैया कराने के लिए दुकानों को बनाए जाने की तैयारी शुरू कर दी है। टेढ़ी बाजार स्थित पंचायत डाक बंगले के स्थान दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। इस योजना में कार्य को प्रारम्भ करने के लिए अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने स्थलीय निरीक्षण कर अविलंब कार्य प्रारंभ करने का निर्देश जारी किया है। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह के मुताबिक टेढ़ी बाजार के पास दुकानों को बनाए जाने का प्रस्ताव रहा है इसके लिए स्थित पंचायत डाक बंगले को गिरा कर सुपर कांप्लेक्स का निर्माण कराया जाएगा जिसमें जिसके अंतर्गत कई दुकाने तैयार होंगी वहीं दूसरी ओर टेढ़ी बाजार चौराहे पर राम मंदिर के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों के लिए पार्किंग का निर्माण कराए जाने की तैयारी है। इन दोनों कार्य को शुरू करने के लिए आज जायजा लिया गया है साथ ही निर्देशित किया गया कि आज से ही इस कार्य को शुरू कर दिया जाए जिससे समय से इस कार्य को पूरा किया जा सके वही जानकारी दी बनने वाली दुकानों को लेकर टेंडर की प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। मौजूद भवन को गिराए जाने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने बताया कि अयोध्या व्यापारियों के लिए बड़ी संख्या मे दुकानों को तैयार करने के लिए प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है। टेढ़ी बाजार के पास दुकानों का निर्माण कराये जाने कि तैयारी है । वही कहा धाम मे जो भी योजनाए प्रस्तावित है वीएच सभी भगवान श्री राम के नाम से है। ऐसे में टेढ़ी बाजार पर बनने वाले पार्किंग, दुकानों का कांप्लेस सभी श्री राम का नाम पर रखा जा सकता है।

## गोसाईगंज में 14 नवम्बर को होगी अपना दल एस की जनसभा

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : भाजपा वअपना दल के गठन वाली सरकार में अपना दल के कोटे में रही गोसाईगंज विधान सभा क्षेत्र में अपना दल की ताकत का अहसास कराने के लिए 14 नवम्बर को एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसे अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल सम्बोधित करेंगी। इस मौके पर वहां गोसाईगंज खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारम्भ भी अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल करेंगी। यह जानकारी अपना दल के प्रदेश सचिव प्रमोद सिंह ने बुधवार को सिविल लाइन्स स्थित एक होटल के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। उन्होंने बताया कि गोसाईगंज खेल महोत्सव में एथलेटिक्स, फुटबाल, हॉकी, वालीबाल सहित कई अन्य खेलों की प्रतियोगिताएं करायी जाएंगी। अनुप्रिया पटेल गोसाईगंज रामलीला ग्राउण्ड में जनसभा को सम्बोधित करेंगी। इस मौके पर पत्रकारों को जानकारी देते हुए अपना एस के जिलाध्यक्ष कृष्णदेव वर्मा गवास ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का जिले में जोरदार स्वागत करने की तैयारियां की जा रही है। रौनाही टोल प्लाजा से गोसाईगंज स्थित कार्यक्रम स्थल तक राष्ट्रीय अध्यक्ष का 51 स्थानों पर भव्य स्वागत किया जाएगा। उनको लगभग 300 वाहनों के काफिले के साथ कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया जाएगा। गोसाईगंज विधान सभा क्षेत्र में 394 बूथ हैं। सभी बूथों से लगभग 50 लोगों को कार्यक्रम में शामिल कराने के लिए गांव गांव में बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

## कई घटना के बाद सरायख्वाजा एसएचओ लाइन हाजिरः देवानंद नए थाना प्रभारी

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : 12 नवंबर की शाम कुतुपुर तिराहा के निकट एक गल्ला की दुकान से हुई ढाई लाख की चोरी का सुराग पुलिस घटना के लगभग 24 घंटे बाद भी नहीं लगा पाई है। इस घटना में हो रही देरी से व्यापारियों में गुस्सा है।चंद घंटे में लूट का पर्दाफाश करने का दावा करने वाली जनपद पुलिस घटना के 24 घंटे बाद भी कुछ कर नहीं सकी है। जबकि सीओ सिटी, सीओ सदर ने घटनास्थल का दौरा किया था। घटना के खुलासे के लिए सरायख्वाजा पुलिस के साथ एसपी अजय साहनी ने खुद मॉनिटरिंग करके स्पेशल टास्क टीम को भी जिम्मेदारी दी, लेकिन अब तक टीमों के हाथ कोई भी सुराग नहीं लगा।मालूम हो कि गला व्यवसायी रवि गुप्ता निवासी शकरमंडी अपनी दुकान कुतुपुर तिराहे पर किए हुए हैं। बीते 12 नंवबर की शाम चार की संख्या में पहुंचे बदमाश दुकान में रखे लाखों रूपये लेकर फरार हो गए। साथ में बैठे भाजपा नेता के भाई की चौन 5 ग्राम भी बदमाशो ने छीन ली। दहशत पैदा करने के लिए बदमाशों ने दुकानदार रवि गुप्ता के उपर बंदूक तान रखी थी । इस घटना से व्यापरियों में दशहत व्याप्त है। घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस इस मामले में कुछ कर नहीं सकी है। इस संबंध में नए एसएचओ देवानंद का कहना है कि बिजली थोडी है की घटना के खुलासा तुरंत हो जायेगा उन्होंने ने बताया की खुलासा होने के बाद जानकारी दे दी जायेगी। कुतुपुर स्थित सिद्ध ट्रेडर्स की दुकान पर हुई घटना से पुलिस की सक्रियता की पोल खुल गई है। इससे क्षेत्र के लोगों में काफी नाराजगी है। पुलिस की कार्य प्रणाली भी संदेह के घेरे में है। ऐसे बड़ी घटना के समय पुलिस के जवान कहा थे। इसे लेकर सवाल खड़ा किए जा रहे हैं।

## कई दिनों से अपहृत युवती का कोई सुराग नहीं

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : घर से बैंक जाते समय अपहरण होने के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस युवती की तलाश नहीं कर सकी है। युवती के न मिलने से परिवारीजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। परिवारीजनों को युवती के न मिलने से अनहोनी की आशंका है। युवती को ढूंढने के लिए पुलिस की टीमें लगी हुई है। बावजूद कोई ऐसा सुराग नहीं लगा है कि पुलिस युवती के परिजनों को कोई ठोस आश्वासन दे सके। सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की दोपहर को 20 वर्षीय युवती घर से बैंक में पैसा जमा करने के लिऐ निकली थी लेकीन बैंक नही पहुंची परिवारीजनों के मुताबिक दोपहर को रास्ते से युवती संदिग्ध हालात में गायब हो गई। काफी खोजबीन के बाद जब कोई सुराग न लगा तो परिवारीजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। एसएचओ ने घटना स्थल का निरीक्षण कर परिवारीजनों को जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया था, लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल सका। युवती के बारें में कोई जानकारी न मिलने पर परिवारीजनों का बुरा हाल है। सराय ख्वाजा थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि युवती की तलाश की जा रही है। जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा।

## अशफाकउल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक द्वारा कगना रनौत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पद्म श्री सम्मान वापस लेने की मांग

अयोध्या(डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता अयोध्या) ।अशफाकउल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने कगना रानौत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पद्म श्री सम्मान वापस लेने की मांग किया है ।देश के राष्ट्रपति को पत्र भेजकर उन्होंने कहा है कि जब हमारा देश आजादी की पचहत्रवी वर्षगांठ अमृत महोत्सव मना रहा है उस वक्त इस तरह की टिप्पणी आजादी के संग्राम के बलिदानियों तथा नायकों का अपमान किसी भी देशवासी के बर्दाश्त योग्य नहीं है। पत्र में उनके कथन को पीएम मोदी की चाटुकारिता की पराकाष्ठा बताते हुए राष्ट्रपति से संपूर्ण बयान को संज्ञान में लेकर पद्म श्री सम्मान वापस लेने का अनुरोधा किया गया है ।उन्होंने पत्र में लिखा है कि उनके इस बयान से भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव पं रामप्रसाद बिश्मिल, अशफाकउल्ला, रोशन सिंह, राजेंद्र लाहिड़ी जैसे शहीदों महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरु, बल्लभाचार्य पटेल जैसे स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताओं की भूमिका का मजाक उड़ाया गया है ।यह अक्षम्य है। उन्होंने पत्र में माग किया है कि उनके खिलाफ देशद्रोह तथा स्वतंत्रता सेनानियों के अपमान का मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तार किया जाये तथा पद्मश्री सम्मान तत्काल वापस लिया जाय।

## विद्यालयों के कायाकल्प के कार्यों व पंचायत भवनों के निर्माण को लेकर डीएम ने की बैठक

अयोध्या(डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता अयोध्या)। जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में कायाकल्प के कार्यो तथा निर्माणाधीन पंचायत भवनों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने तथा ग्रामीणांचल के विद्यार्थियों हेतु पंचायत भवनों में पुस्तकालय के संचालित कराये जाने आदि के सम्बंध में समस्त उपजिलाधिकारियों, खण्ड शिक्षा अधिकारियों तथा खण्ड विकास अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीसी मनरेगा व पंचायती राज विभाग से समन्वय कर जिन विद्यालयों में बाउंड्रीवाल नही है वहां पर शीघ्र कार्ययोजना बनाकर बाउंड्रीवाल बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने ऐसे विद्यालय जहां दिव्यांग शौचालय नही है जहां पर फर्श टूटी है वहां पर दिव्यांग शौचालय व अच्छी गुणवत्ता की टाइल्स लगवाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन पंचायत भवनों के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने, जिन ग्रामों में पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय हेतु भूमि नही मिली है संबंधित एसडीएम इन ग्रामों को स्वयं देखकर भूमि उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पंचायत सहायक की नियुक्ति हो चुकी है तथा पंचायत भवन हेतु कम्प्यूटर व अन्य फर्नीचर के क्रय हेतु धनराशि प्राप्त हो चुकी है सभी बीडीओ मानक के अनुरूप अच्छी गुणवत्ता के कम्प्यूटर व फर्नीचर क्रय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जनपद के समस्त पंचायत भवनों के एक कमरें में ग्रामीणांचल के विद्यार्थियों हेतु रेलवे, एसएससी, बैंक पीओ आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की अच्छी पुस्तकें, न्यूज पेपर, विभिन्न पत्रिकाओं की व्यवस्था कर पुस्तकालय के संचालित कराने के निर्देश दिये तथा प्रत्येक विकास खण्ड के कम से कम 25–25 ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों में 15 दिसम्बर 2021 तक पुस्तकालयों का संचालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने स्कूलों, पंचायत भवनों सहित समस्त निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा खराब गुणवत्ता पाये जाने पर संबंधित पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये ।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त मामलों में चकमार्गो से सम्बंधित मामले सर्वाधिक थे। ऐसे में समस्त उपजिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी आपस में समन्वय कर लेखपाल व ग्राम पंचायत सचिवों को एक साथ प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत भवन/उचित स्थल का चयन कर वहां पर सप्ताह में उपस्थित रहकर जनसमस्याओं का निस्तारण करने हेतु रोस्टर जारी करने तथा पैमाइश किये गये चकमार्गो का तत्काल मिट्टी पटाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अमित सिंह, डी सी मनरेगा, समस्त उपजिलाधिकारी, बीडीओ, खण्ड शिक्षा अधिकारी आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## पर्सनल लोन खाते को ठीक कराने में रिश्वत का मामला पहुंचा मुख्यमंत्री के दरबार

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : अमानीगंज बाजार स्थित बड़ौदा पूर्वी ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक द्वारा शिक्षक के पर्सनल लोन खाते को ठीक करने के लिए 25 हजार की रिश्वत मांगे जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। शिक्षा क्षेत्र अमानीगंज के प्राथमिक विद्यालय ओरवा में कार्यरत शिक्षक जीत बहादुर सिंह इस मामले में बड़ौदा ग्रामीण बैंक उत्तर प्रदेश के मुख्य महाप्रबंधक जिला अधिकारी अयोध्या तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर मामले में शाखा प्रबंधक के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। बताते चलें कि जीत बहादुर सिंह प्राथमिक विद्यालय ओरवा शिक्षा क्षेत्र अमानीगंज में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। उनके द्वारा की गई शिकायत के अनुसार बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक अमानीगंज शाखा से विगत 21 वर्ष से वेतन प्राप्त करते आ रहे हैं तथा उनका काफी पुराना खाता भी इस बैंक में है। उन्होंने पर्सनल लोन खाता संख्या 55 / 504 ग्रामीण बैंक अमानीगंज में संचालित से 10लाख का ऋण 14.5 प्रतिशत ब्याज पर लिया था। जिसमें ऋण की अवशेष धनराशि 4 लाख 62 हजार 2 सौ 78 अवशेष है। शिक्षक द्वारा कम ब्याज दर पर खाते को ठीक करवाने के लिए शाखा प्रबंधक जे पी राय के पास जाकर वार्ता की गई तो शाखा प्रबंधक के चहेते दलालों और शाखा प्रबंधक के द्वारा स्वयं भी 25 हजार की रिश्वत मांगी गई मांगी गई। रिश्वत न दे पाने पर उसका खाता गड़बड़ करने की धमकी भी दी गई है। इस मामले में जीत बहादुर सिंह ने जिले के उच्चाधिकारियों समेत बैंक के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर शाखा प्रबंधक के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। अमानीगंज क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में आए दिन इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं और लोग अपनी बात नहीं कर पाते हैं। अब शिक्षक द्वारा इस मामले में शिकायत किए जाने के बाद बैंक में हड़कंप मचा हुआ है।

## सरायख्वाजा थाना क्षेत्र में अपराध का चढ़ा पारा : पुलिस बेखौफ

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र में एक बार फिर अपराध बेकाबू हो गया है। पिछले दस दिन के आंकड़ों पर नजर दौड़ाई जाए तो हर रोज हत्या, लूट, डकैती, रंगदारी जैसे मामले सामने आए हैं। बड़ी बात यह है कि पुलिस इन घटनाओं का पर्दाफाश भी नहीं कर पाई है। छोटे भाई लालजी की हत्या का आरोप बड़े भाई पर हो या फिर धौरइल गांव में मिली लावारिस लाश का मामला। पालामऊ खुर्द में स्वर्ण कारोबारी से 2 लाख रुपये कीमत के सामने की लूट का भी पर्दाफाश नहीं हो सका है। यह हाल तब है जब इन घटनाओं के पर्दाफाश के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गईं हैं। पुलिस का बस दावा है कि सभी घटनाओं का जल्द ही पर्दाफाश कर लिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, 9 अक्टूबर को हुई की हत्या का ही पुलिस पर्दाफाश कर रही है। वह भी इस वजह से क्योंकि उस घटना में हत्या का केस दर्ज हो गया था और भाई ही आरोपी था। इसके अलावा अन्य घटनाओं के लिए टीमें जांच ही कर रही है। कुतुपुर में लंबे समय बाद डकैती का मामला हो या फिर पालामऊ खुर्द इलाके में दिनदहाड़े लूट की वारदात हो किसी भी घटना का पुलिस पर्दाफाश नहीं कर सकी है। यह सभी घटनाएं पुलिस के लिए चुनौती बनी हुईं हैं। बीते दिनों हुई बड़ी घटनाएं। 22 अक्टूबर : धान के खेत में मिली लावारिस लाश धौरइल गांव का मामला, 30 अक्टूबरः 70 साल के वृद्ध से 50 हजार के धोखाधड़ी का मामला थाने पहुंचने के बाद अभी तक कोई कार्यवाही नहीं, 7 नवंबरः स्वर्ण व्यवसाई से दिनदहाड़े एक लाख नकदी व गहने की लूट, 8 नवंबर : भाई ने भाई को पीट कर उतारा मौत के घाट, 10 नवंबरः दिनदहाड़े 20 वर्ष युवती का बैंक जाते समय अपहरण, 12 नवंबरः कुतुपुर तिराहा पर गल्ला व्यापारी से ढाई लाख की लूट। जिससे थाना सरायख्वाजा के पुलिस की लापरवाही प्रदर्शित होती है।

## विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के लिए चलाया जा रहा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी ने विकास खण्ड रामनगर के गुतवन केंद्र बने बूथ 267,268,29 का निरीक्षण कर पुनरीक्षण की व्यवस्थाएं देखी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान अधिक से अधिक अर्ह नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराएं। उन्होंने कहा कि महिलाओं नाम अधिक से अधिक जोड़ा जाए,जेंडर रेसियो पर विशेष ध्यान दिया जाए। बीएलओ घर घर जाकर सर्वे करे 18 से ऊपर के लोगो का नाम जोड़े । नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम के विशेष अभियान में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विधानसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को पूरी पारदर्शिता से चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा भारत के निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करें। कोई लापरवाही नहीं बरती जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मड़ियाहूं अर्चना ओझा,बीएलओ प्रमिला मिश्रा ,सुशीला पाल , मीरा सिंह, ग्राम प्रधान रविंद्र कुमार यादव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहें।

## जिलाधिकारी द्वारा किया गया विकासखंड मड़ियाहूं के कल्याणपुर साधन सहकारी समिति का औचक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा विकासखंड मड़ियाहूं के कल्याणपुर साधन सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय वहां के इंचार्ज ने अवगत कराया कि तौल और किसानों के सत्यापन के लिए मशीनें उपलब्ध नहीं कराई गई है जिसके संदर्भ में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित उप जिला अधिकारी को निर्देशित किया कि तत्काल तौल सत्यापन के लिए मशीनों की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि सभी धान क्रय केंद्र प्रभावी रूप से कार्य कर रहे हैं कि नहीं, इसको सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी संबंधित उप जिलाधिकारी को है वह स्वयं के स्तर से एक नोडल अधिकारी नामित कर प्रत्येक दिन तौल की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मड़ियाहूं अर्चना ओझा,लेखपाल उपस्थित थे।

## चौदह कोसी परिक्रमा में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक डाक्टर्स एसोशियसन ने लगाया निःशुल्क कैंप



अयोध्या(डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता अयोध्या) ।प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक डाक्टर्स एसोशियेशन के चिकित्सको द्वारा अयोध्या में हमेशा की तरह होने वाले 14 कोसी परिक्रमा मेला में फ्री चिकित्सा कैंप रामनगर तिराहे पर लगाया गया ।सूत्र के मुताबिक इस चिकित्सा कैंप का आयोजन शहर के इस पैथी के सम्मानित डॉक्टर एस के पांडे के क्लीनिक पर संपन्न हुआ ।जिसमें चौदह कोसी परिक्रमा में आये दूर दराज से हजारों की संख्या में आये,महिलाओ,युवाओ व बच्चो के साथ साथ बुजुर्गो जो कि चोटिल व दर्द से करा रहे थे उन हजारों भक्तों का निस्वार्थ भाव से चिकित्सकों के द्वारा सेवा दी गई ।जहां पर इन चिकित्सकों द्वारा इस मौके पर आने वाले सैकड़ों श्रद्धालुओं का निःशुल्क इलाज कर बहुत ही परोपकार कार्य करते दिखे ।वहीं दूसरी तरफ इस कार्य से संतुष्ट होते हुये हजारों श्रद्धालुओं ने इन चिकित्सको के प्रति आभार जताते हुए इन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान किया ।इस कैंप में मुख्य रूप से डॉक्टर बी आर वर्मा,डाक्टर राम जी सैनी,डॉ अजय तिवारी,डॉ रणजीत सिंह डॉक्टर सुधीर मौर्य डॉक्टर सुधीर पांडे डॉ गौतम डॉक्टर ए पी सिंह मनोज सैनी सहित कई चिकित्सकों ने इस मौके पर आने वाले भक्तों का सेवा कर उन्हें रोग मुक्त किया।

## निराश्रित सेवा संस्थान ने कैंप लगाकर किया परिक्रमार्थियों की सेवा

अयोध्या(डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता अयोध्या)। ऐतिहासिक पर्व 14 कोसी अयोध्या परिक्रमा पर निराश्रित सेवा संस्थान द्वारा सिविल लाइन स्थित होमगार्ड कार्यालय के बगल सेवा कैम्प का आयोजन किया जिसमें श्रद्धालुओं को चाय पानी दवा की व्यवस्था लोगों के सहयोग से की किया। संस्था के अध्यक्ष रवि मौर्य ने कहा कि परोपकार हमारा परम धर्म है हम सभी को परोपकार करते रहना चाहिए किसी न किसी रूप में जीव, जंतु एवं पर्यावरण की सेवा से बढ़ चढ़कर करना चाहिए। सचिव मोहम्मद उस्मान ने कहा कि जीव जंतु के अंतिम सेवा तक करना हमारा लक्ष्य है और हम सब मिलकर यह सेवा कर रहे हैं। इस मौके पर विशेष सहयोगी श्याम बाबू गौड़, सुभाष चंद्र मौर्य, ज्ञानेंद्र बाजपेई, संजय मौर्य, अरविंद यादव, अखिलेश, उमेश सिंह, शिव कुमार मौर्य, अजय मौर्य, अमित, शुभम राजभर समेत दर्जनों ने सेवा किया।

### 14 कोसी परिक्रमा में चाणक्य परिषद ने लगाया सेवाकैम्प

अयोध्या(डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता अयोध्या)। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद दर्शन नगर स्थित सूर्य कुंड मंदिर के पास विशाल निशुल्क सेवा कैंप लगाया गया ।कैम्प में आए हुए श्रद्धालुओं की परिषद के पदाधिकारियों एवं लोगों द्वारा पूरे मनोयोग से सेवा की गई निशुल्क कैंप में शुद्ध दूध एवं इलायची काली मिर्च अदरक चाय ने श्रद्धालुओं की थकान को कम किया और श्रद्धालुओं से कैम्प खचा खच पूरा भरा रहा। परिक्रमा करते समय चोटिल हुए और पेचिश थकान दर्द आदि से परेशान लोगों को निशुल्क दवा एवं चोटहिल की पट्टी बॉधकर सेवा की गई। कैंप में आए कई हजार श्रद्धालुओं की सेवा कैंप में उपस्थित चाणक्य परिषद के जिला अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद तिवारी आफत के अध्यक्षता में राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी की अनुपस्थिति में कैंप का प्रभाव उनके भाई करुणानिधान तिवारी ने सफलता पूर्वक संपन्न करें कैंप में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र दुबे जिला महामंत्री लखन धर त्रिपाठी बाबू राम पांडे जिला कोषाध्यक्ष जिला कोषाध्यक्ष राधेश्याम पांडे परमानंद पाठक दीनदयाल तिवारी महर्षि श्री राम द्विवेदी डॉक्टर चंद्रशेखर पांडे श्रीकांत पाठक डॉक्टर विजय कांत उपाध्याय महंत ब्रह्मदेव मंदिर बनघुसरा तारुन अवकाश प्राप्त इंस्पेक्टर ओम प्रकाश पांडे रज्जू संत पंडित अमरनाथ पांडे 10 वर्षीय शिवांश एंव5 वर्षीय नान्या आदि लोगों ने पूरे मनोयोग से सेवा किया।

### चकरोड की पैमाइश व पटाई न होने से ग्रामीण परेशान

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : तहसील क्षेत्र के एक गांव में लेखपाल द्वारा पैमाइश चकरोड की पैमाइश न करने से चकरोड की पटाई का काम रुका हुआ है ।ग्राम प्रधान ने चकरोड की पैमाइश की शिकायती पत्र उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार को दिया है। तहसील क्षेत्र के ग्राम बारी की प्रधान कृष्णावती में शिकायती पत्र देते हुए कहां है कि मनरेगा योजना के अंतर्गत चंदर धोबी के खेत से अशोक के खेत तक चकरोड पटाई का काम स्वीकृत है और मास्टर रोल भी निकल चुका है परंतु पिछले 10 दिन से लेखपाल द्वारा चकरोड की पैमाइश न करने से चकरोड पटाई का काम अधर में लटका हुआ ।प्रधान ने यह भी कहा कि चकरोड़ पटाई न होने से मजदूरों का काम भी बाधित है लेखपाल वेद प्रकाश से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया की घरौनी का काम चल रहा है इस कारण अभी 10 दिन और पैमाइश नहीं हो पाएगी ।तहसीलदार प्रज्ञा सिंह ने लेखपाल को तत्काल पैमाइश के लिए निर्देशित किया है।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।